शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 31, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 26 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 12 की मौत

## विस्फोट में दो दर्जन लोग गंभीर रूप से झुलसे, बढ़ सकती है मौत की संख्या





**भरवारो कौशाम्बी ।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के पास पटाखा फैक्ट्री में रविवार की दोपहर लगभग 12:00 बजे फिर धमाकेदार कई तेज विस्फोट हुए हैं जिससे पटाखा फैक्ट्री के भवन पूरी तरह से धराशाई हो गया है इस फैक्ट्री में फैक्ट्री मालिक उसके पुत्र समेत लगभग 35 लोग मौके पर काम पर मौजूद थे सभी इस विस्फोट से घायल हो गए हैं कई लोगों के चीथड़े उड़ गए हैं कई लोगों के शरीर के मांस के टुकड़े लोथड़े में बदलकर काफी दूर जाकर गिरे हैं कॉफी दूरतक तेज विस्फोट की आवाज सुनकर मौके पर सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई सूचना पाकर स्थानीय पुलिस सहित पुलिस अधीक्षक पुलिस महानिरीक्षक अपर पुलिस महानिदेशक भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे है आनन फानन में तीन दर्जन एंबुलेंस राहत एवं बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुंच गई हादसे में घायल 22 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनमें आठ लोगों की हालत अधिक गंभीर होने पर उन्हें इलाज के लिए प्रयागराज रेफर कर दिया गया है घटना स्थल पर 12 लोगों के जले झुलसे बीभत्स शव को एंबुलेंस ने पोस्टमार्टम हाउस पहुचाया है और कई लोगों के शव के चीथड़े उड़ गए थे काफी दूर तक मांस के लोथड़े पड़े थे जिससे यह नहीं समझ में आया कि जो लोगों के शरीर इस हादसे में झुलस गए है उनके लोथड़े हैं या अन्य लोगो के शव भी टुकड़े में हो गए थे जिससे उनकी संख्या का आकलन नहीं हो सकता है आठ लोगों के सलामत शव झुलसे हुए थे लेकिन उनकी शिनाख्त हो सकती है हादसे में 12 लोगों की मौत बताई जाती है जिनमें चार लोगों के शव के चीथड़े मिले है जिससे उनकी मौत के आंकड़ों की संख्या नहीं बताई जा सकती भरवारी कस्बे के पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है । बिस्फोट की घटना के पीछे फिर सरकारी नुमाइंदों की बड़ी करतूत उजागर हुई है भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय से पटाखा फैक्ट्री का लाइसेंस जारी होने का नियम है लेकिन भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय ने भरवारी कस्बे में पटाखा फैक्ट्री संचालक का लाइसेंस नहीं दिया है उसके बाद भी बीते कई वर्षों से भरवारी कस्बे में पटाखा फैक्ट्री का संचालन हो रहा था जिसमें विस्फोट के बाद लाशों के ढेर लग गए हैं हालांकि अपर पुलिस महानिदेशक चार लोगों की मौत की बात कर घटनास्थल से वापस चले गए हैं लाशों के ढेर पर चारों तरफ कोहराम मचा हुआ है खबर लिखे जाने तक घटना के दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई है ।

**इसके पहले भी हो चुका है विस्फोट**

भरवारी कौशांबी भरवारी कस्बे में अवैध पटाखा फैक्ट्री का गहरा रिश्ता है 3 वर्षों पूर्व भी भरवारी कस्बे के एक पटाखा फैक्ट्री में तेज विस्फोट के बाद कई लोगों की मौत हो गई थी लेकिन उस समय विस्फोट के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई जिससे दूसरी अवैध पटाखा फैक्ट्री का अवैध तरीके से संचालन होता रहा स्थानीय पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में है और अवैध पटाखा फैक्ट्री के संचालन के मामले को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी गंभीरता से नहीं लिया वरना इतनी बड़ी विस्फोट की घटना ना होती अभी भी अवैध पटाखा फैक्ट्री के संचालक को यदि गंभीरता से नहीं लिया गया तो फिर पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट की घटनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है ।

## पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में लाशें बिछ जाने के बाद पूरा पुलिस सिस्टम दोषी

कौशाम्बी ।कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के खल्ला बाद के पास एक पटाखा फैक्ट्री में रविवार की सुबह लगभग 12:00 बजे एक के बाद एक तेज विस्फोट के बाद लाशों के ढेर लग जाने के बाद एक बार फिर पूरा पुलिस सिस्टम कटघरे में खड़ा हो गया है 4 वर्षों पूर्व भरवारी कस्बे में ही पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद तीन लोगों की मौत हो गई थी तत्कालीन चौकी पुलिस और थाना पुलिस का संगठित अपराध से वसूली के बाद पटाखा फैक्ट्री संचालक कराए जाने के मामले का उजागर होने के बाद दोषी चौकी पुलिस और थाना पुलिस पर निलंबन की कार्रवाई नहीं हुई जब कि संगठित अपराध से वसूली में तत्कालीन थाना और चौकी पुलिस पर बर्खास्त करने की कार्रवाई पुलिस अधिकारियों को करनी चाहिए लेकिन पुलिस अधिकारियों ने दोषी पुलिस चौकी इंचार्ज और दोषी थानेदार को बचाने के लिए एड़ी चोटी का जान लगा दिया जिसका नतीजा यह रहा है कि पुलिस का संगठित अपराध से वसूली का खेल नहीं बंद हुआ और इस खेल का परिणाम रविवार की दोपहर फिर देखने को मिला जब फिर भरवारी कस्बे के खल्ला बाद के पास पटाखा फैक्ट्री में एक के बाद एक कई तेज विस्फोट हुआ और फैक्ट्री के अंदर लाशे बिछ गई है पटाखा फैक्ट्री में तेज आवाज के साथ विस्फोट के बाद मौके पर नगर के लोगों का जमावड़ा लग गया सूचना पाकर एंबुलेंस सहित पुलिस मौके पर पहुंच गई घटनास्थल पर पुलिस आल्हा अधिकारियों का जमावड़ा लग गया लेकिन कार्यवाही के नाम पर नतीजा शून्य रहा अधिकारियों को घटनास्थल पर चौकी इंचार्ज और थाना अध्यक्ष को निलंबन करने का फरमान जारी कर देना चाहिए लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया पिछली बार की घटना की तरह इस बार भी लाश पोस्टमार्टम को भेजना और बयान बाजी तक पुलिस अधिकारी सीमित रह गए हृदय विदारक इस घटना के कई घंटे बाद संगठित अपराध से वसूली करने वाले चौकी इंचार्ज थाना पुलिस को निलंबन कर उन पर मुकदमा दर्ज कराकर उन पर दंडात्मक कार्यवाही नहीं की गई है जब कि संगठित अपराध से वसूली करने वाले थाना पुलिस चौकी पुलिस का गुनाह साबित होने के बाद उन्हें बर्खास्त किया जाना चाहिए उनको गिरफ्तार कर जेल भेजा जाना चाहिए लेकिन इस घटना के बाद भी पुलिस अधिकारियों ने संगठित अपराध से वसूली करने वाले पुलिस जनों पर दंडात्मक कार्यवाही नहीं की है आखिर कब तक पुलिस की संगठित वसूली के बाद लाशों के देर लगते रहेंगे यह पूरी पुलिस व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है जिसका जवाब शायद पुलिस अधिकारियों के पास नहीं है पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद लाशों के देर लग जाने के बाद घड़ियाली आंसू बहाने भी तमाम नेता मौके पर पहुंच गए हैं कुछ नेता फोन से घड़ियाली आँसू बहा रहे हैं तो कुछ मौके पर जाकर घड़ियाली आँसू बहा रहे हैं ।

## कैसे मिलता है पटाखा फैक्ट्रियों को लाइसेंस: जानिए इसके नियम कौशाम्बी ब्लास्ट के बाद जानना आपके लिए बेहद जरुरी

भरवारी कौशाम्बी उत्तरप्रदेश के कौशाम्बी जिले के भरवारी में रविवार को पटाखा फैक्ट्री में भयानक हादसा हो गया। जिले के भरवारी स्थित एक पटाखा फैक्ट्री ने अचानक आग लगने से ब्लास्ट हो गया चारों और लाशें पड़ी हुई थी। घटना का मंजर देखने के बाद वहां मौजूद लोगों के आंसू निकल पड़े। वहीं अब तक मिली जानकारी के मुताबिक 4 लोगों की इस ब्लास्ट में मौत हो गई। और दर्जनों लोग जीवन मौत से जूझ रहे हैं नियमों की अनदेखी करते हुए और प्रशासन के नाक के नीचे इसका संचालन किया जा रहा था। जिसकी वजह से यह बड़ा हादसा हुआ। इस बीच हम आपको बताने जा रहे हैं कि पटाखा बनाने के लिए लाइसेंस कैसे मिलता है और इसके क्या नियम हैं।

**कैसे मिलता है एक्सप्लोसिव विभाग का लाइसेंस**

भरवारी कौशाम्बी पटाखे बनाने वाली फैक्ट्रियों को केंद्र सरकार के एक्सप्लोसिव विभाग के साथ-साथ बाकी विभागों से भी क्लियरेंस लेनी पड़ती है और जब तक बाकी विभाग अपनी क्लियरेंस नहीं देते, तब तक डिप्टी कमिशनर इनके लाइसेंस जारी नही कर सकते हैं और सेफ्टी नियम पूरे होने के उपरांत लाइसेंस जारी किया जाता है पटाखे बनाने का लाइसेंस लेने के लिए कम से कम एक एकड़ जमीन होनी चाहिए। इस जमीन के आस-पास कोई रिहायश नहीं होनी चाहिए। जिस स्थान पर पटाखा फैक्ट्री लगानी है, उसके आगे या पीछे 100 मीटर तक कुछ नहीं होना चाहिए।पटाखा फैक्ट्री में काम करन वाले फोरमैन के पास एक्सप्लोसिव विभाग का लाइसेंस होना चाहिए जिस कमरो में पटाखे पैक किये जाते हैं, उस कमरे से दूसरे कमरे में तीन मीटर से 9 मीटर तक ही दूरी होनी चाहिए और बिजली की तारों, गैस सिलेंडर यहां तक कि मोबाइल भी नहीं लेकर जा सकता।पटाखे बनाने वाले कारीगरों का मेडिकल करवाना जरूरी है। लेकिन इस पटाखा फैक्ट्री में नियमों का पालन नहीं हुआ है और नियमों के विपरीत पटाखा फैक्ट्री का संचालन बीते कई वर्षों से बेखौफ तरीके से हो रहा था ।

## हमारे धैर्य की परीक्षा न लें, जल्द रेंगे साजिश का पर्दाफाश: शिंदे

**मुंबई**

**महाराष्ट्र के** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि मराठा आरक्षण आंदोलन के कार्यकर्ता मनोज जरांगे को उनकी सरकार के धैर्य की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। शिंदे की ओर से यह टिप्पणी तब आई है, जब जरांगे ने उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) के उद्धव ठाकरे पर भी निशाना साधा।

**मुझे मारना चाहते हैं फडणवीस: मनोज जरांगे**

जरांगे ने अंतरवाली सराटी में एक सभा में कहा था कि फडणवीस उनको मारना चाहते हैं। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता ने यह भी आरोप लगाया था कि उन्हें जहर देने का भी प्रया किया गया था। हालांकि उन्होंने इस दावे के बारे में विस्तार से नहीं बताया।

हमारे धैर्य की परीक्षा न लें: एकनाथ शिंदे

शिंदे ने कहा, जो लोग बार-बार सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें हमारे धैर्य की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। उन्हें कानून और व्यवस्था की समस्या पैदा नहीं करनी चाहिए। मुझे जरांगे का भाषण शरद पवार और उद्धव ठाकरे द्वारा आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली स्क्रिप्ट की तरह लगता है।

'साजिश का जल्द पदार्फा हो जाएगा'

मुख्यमंत्री विधानसभा के सत्र की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। जरांगे के आक्रामक रुख और भाषणों में अपशब्दों के इस्तेमाल के बारे में पूछे जाने पर शिंदे ने कहा कि कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि यह एक साजिश है और जल्द ही इसका पदार्फाश हो जाएगा।

## इनेलो प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की ताबड़तोड़ गोलियों से भूनकर हत्या

**बहादुरगढ़**

हरियाणा के बहादुरगढ़ में इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक नफे सिंह राठी समेत चार को गोलियां मारी गई। उनकी कार पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई गई। चारों को शहर के ब्रह्मगक्ति संजीवनी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां नफे सिंह राठी समेत दो की मौत हो गई है। गाड़ी की खिड़कियों में भी कई गोलियों के निशान हैं। अंधाधुंध फायरिंग के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, हमला पूरी प्लानिंग के तहत किया हुआ प्रतीत हो रहा है। तीन सुरक्षा कर्मियों को भी कई गोलियां लगी हैं। बराही फाटक के पास की घटना है। हमलावर आई-10 गाड़ी में सवार होकर आए थे।

## संदेशखाली: फैक्ट फाइंडिंग टीम को पुलिस ने रोका

**कोलकाता**

**फैक्ट फा**इंडिंग टीम में पटना हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एल नरसिम्हा रेड्डी, ओपी व्यास, चारु वली खन्ना, भावना बजाज, राजपाल सिंह और संजीव नायक शामिल हैं। बंगाल के हिंसा प्रभावित संदेशखाली जा रही फैक्ट फाइंडिंग टीम को रविवार सुबह साउथ 24 परगना में भोजेरहाट में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। टीम को कोलकाता में रखा गया। हालांकि दोपहर में टीम मेंबर्स को रिहा कर दिया गया। इस टीम में पटना हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एल नरसिम्हा रेड्डी, ओपी व्यास, चारु वली खन्ना, भावना बजाज, राजपाल सिंह और संजीव नायक शामिल हैं। गिरफ्तारी पर नरसिम्हा रेड्डी ने कहा- हम यहां बैठे थे, पर इन्हें इससे भी परेशानी है। अब हम गवर्नर से मिलेंगे और उन्हें अपनी स्थिति बताएंगे। इसके बाद हम दिल्ली में गृह मंत्रालय में अपनी बात रखेंगे। भांगर डिवीजन के डिप्टी कमिश्नर ने कहा- हम टीम के लोगों से रिक्वेस्ट कर रहे थे कि आप यहां से आगे मत बढ़िए, पर वे पुलिस बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। इसलिए हमें उन्हें गिरफ्तार करना पड़ा। अगर शांति भंग की कोशिश की जाती है तो पुलिस को गिरफ्तारी का अधिकार है।

**आवाज उठाने वाली महिलाओं पर हमले हो रहे**

संदेशखाली में कालिंदी नदी के किनारे बने बांध पर एक स्थानीय महिला से भास्कर टीम ने बातचीत की।

## 'प्रतिबंधित सिमी' का सदस्य 22 साल बाद गिरफ्तार, हनीफ शेख को कोर्ट ने घोषित किया था भगोड़ा




**नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने प्रतिबंधित सिमी संगठन के सदस्य मोहम्मद हनीफ शेख को गिरफ्तार कर लिया है। वह 22 साल से फरार था। 2001 में न्यू फ्रेंड्स कालोनी थाने में दर्ज यूएपीए और राजद्रोह मामले में कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर रखा था। हनीफ शेख, सिमी पत्रिका 'इस्लामिक मूवमेंट' (उर्दू संस्करण) का संपादक था।

25 वर्षों के दौरान उसपर कई मुस्लिम युवाओं को शिक्षा दी। 'इस्लामिक मूवमेंट' पत्रिका पर छपा 'हनीफ हुडाई' नाम ही पुलिस के पास उपलब्ध एकमात्र सुराग था, जिसके कारण उसकी पहचान स्थापित नहीं हो सकी। पुलिस चार साल से उसका पीछा कर रही थी। डीसीपी स्पेशल सेल के मुताबिक मोहम्मद हनीफ उर्फ हनीफ शेख उर्फ हनीफ हुडाई, खड़का रोड भुसावल, जलगांव महाराष्ट्र का रहने वाला है। वह महाराष्ट्र में भी यूएपीए अधिनियम और अन्य राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के मामलों में शामिल रहा है। जिसमें 2002 में अदालत ने हनीफ शेख को भगोड़ा घोषित कर दिया था। उसने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक और केरल में सिमी संगठन की बैठकों में भाग लेने व आयोजित करने जैसे मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जब भी पुलिस या अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने सिमी संगठन पर कार्रवाई की, वह अपने अगले कदम का कोई निशान छोड़े बिना गायब होता गया।

**टीम ने कई राज्यों से एकत्र की जानकारी:** पुलिस का कहना है कि देश के विभिन्न हिस्सों विशेषकर दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु का दौरा कर सेल की टीम ने जानकारी एकत्र की।



# लोकसभा चुनाव को लेकर थाना प्रभारी ने बूथों का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश




**सुविधाओं का लिया जायजा, खजुरी प्राथमिक विद्यालय द्वितीय पर टूटी मिली बाउंड्री बाल**

**कोरांव।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर थाना प्रभारी कोरांव राकेश भारती ने रविवार को क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक बूथों का निरीक्षण कर मतदाताओं की सुविधाओं का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने गोबरी, पथरताल खजुरी, सुभाष, कोइलरिहा आदि बूथों का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय खजुरी द्वितीय के बूथ पर बाउंड्री वाल बरसात में टूट कर गिर गई है। जिसके लिए हमने जिम्मेदारों से बात किया और 15 दिन में बाउंड्री वॉल बनवा दिए जाने की बात कही गई है। थाना प्रभारी ने कहा कि बाकी अन्य बूथों पर पेयजल प्रकाश व अन्य जरूरी सुविधाएं दुरुस्त मिली। उन्होंने कहा कि कोई भी बूथ गांव के भीड़भाड़ वाले इलाके में नहीं होना चाहिए। इसकी भी पड़ताल की जा रही है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को असुविधाएं न हो इसके लिए बूथों पर विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# जसरा में बीजेपी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों की हुंई बैठक

**पिछड़ा वर्ग मोर्चा सम्मेलन को सफल बनाने पर की गई चर्चा**



**जसरा।** विकास खंड सभागार में पिछला वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें 2 मार्च को होने वाले पिछड़ा मोर्चा सम्मेलन के लिए रूपरेखा तय की गई। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नए मंडल अध्यक्ष की घोषणा भी की गई। रविवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता बीजेपी के गांव चलो अभियान के तहत गांव में जाकर सरकार की नीतियों कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों की जानकारी सभी मतदाताओं तक पहुंचाएं। जिससे 2024 में एक बार फिर देश में नरेंद्र मोदी की सरकार बन सके। जिला अध्यक्ष ने बताया कि सरकार ने पिछड़ी जातियों को लाभान्वित करने के लिए कई कार्यक्रम प्रारंभ किए हैं।जिसमें विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान निधि योजना, पेंशन योजना सहित कई योजनाएं है। विश्वकर्मा योजना के तहत हुनरमंदो को एक ओर जहां 3 लाख रुपए का ऋण दिया जाएगा वहीं 15000 रुपए के टूल किट भी दिए जाएंगे। जिससे उनकी स्थिति में सुधार हो सके और रोजगार के अवसर भी बढ़ सके। उन्होंने 2 मार्च को संभावित पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सम्मेलन में सभी पिछड़ी जातियों के लोगों को अधिक से अधिक पहुंचने का आह्वान किया। जिससे सम्मेलन को सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने व नमो ऐप डाउनलोड करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नमो ऐप के द्वारा सभी मतदाता सरकार से जुड़ सकते हैं। जिससे सभी को नमो ऐप के द्वारा सरकार की नीतियों व योजनाओं की जानकारी समय-समय पर मिलती रहेगी। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा का नया मंडल अध्यक्ष देवराज सिंह पटेल को बनाया गया। उपस्थित लोगों में जिला उपाध्यक्ष सुधाकर सिंह ,युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष राम जी त्रिपाठी ,गोपाल केसरवानी ,सुशीला निषाद, सविता निषाद ,नीलम पटेल ,लक्ष्मी निषाद प्रीती साहू, रूचिता निषाद,मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुशवाहा , रामकुमार शर्मा, अवध बिहारी मिश्रा, शंकर लाल गुप्ता आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री अनूप जायसवाल ने किया।

## न्यूज झरोखा

### अमित बगई को समाजवादी लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव बनाने पर कार्यकताओं में हर्ष



**फूलपुर।** समाजवाद की भावना के साथ पार्टी की विचारधारा पर समर्पित रूप से काम करने पर सपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रयागराज के अमित बगई को लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी गई। कर्मठ व जुझारू नेता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं ने अपनी खुशी का इजहार किया। वही अमित बगई ने सपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा भरोसा जताने पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ ही लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से छात्र राजनीति की शुरुआत करने वाले अमित बगई सीएमपी पीजी कालेज से छात्र संघ उपाध्यक्ष का चुनाव भी लड़ चुके है। वो पिछले कई वर्षो से समाजवादी पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाते हुए पार्टी की विचारधारा को जन- जन तक पहुंचाने का काम करते रहे हैं। लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव बनने पर लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामलाल पाल,गंगापार जिलाध्यक्ष अनिल यादव,महासचिव रामसुमेर पाल, विधानसभा अध्यक्ष सकील अहमद, विधानसभा महासचिव भोलानाथ यादव,विधायक विजमा यादव, जिला सचिव जगदीश यादव, सौरभ, फिरोज, धर्मेंद्र, कुमार मंगल, यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष आशुतोष तिवारी, युवजन सभा जिलाध्यक्ष प्रिंस बागी, स्वतंत्र यादव, प्रधान बच्चा यादव, रमेश पासी, अधिवक्ता शिवभूषण यादव, जिला पंचायत सदस्य बेला यादव, प्रधान प्रदीप यादव, महाबली यादव,जितेंद्र पटेल, राजकुमार पटेल के साथ ही प्रधानाचार्य धारा चन्द्र भारतीय ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### क्रिकेट टूर्नामेंट में बुंदावा को हराकर पचखरा की टीम विजयी



**जसरा।** बुंदावा ग्राम सभा में आयोजित किए जा रहे क्रिकेट टूनार्मेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ संतोष सिंह ने कहा कि आयोजकगण और सभी ग्रामवासियों और अन्य गांवों से आए खिलाड़ियों का दिल से अभिनंदन करता हूं। आपने आज यहाँ आकर ग्राम सभा और खिलाड़ियों का सम्मान बढ़ाया है। विजेता पचखरा टीम और उनके कप्तान बाबा ठाकुर को बहुत-बहुत बधाई। आप वहीं उपविजेता बुंदावा ग्राम सभा की टीम और उनके कप्तान मोहम्मद अजान को भी बहुत-बहुत बधाई। आप लोगों ने बहुत परिश्रम किया कठिन मेहनत की और आप भी उतनी ही तालियों के हकदार हैं जितना कि विजेता टीम। पचखरा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 144 रन बनाए। जवाब में 145 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बुंदावा की पूरी टीम 81 रन पर आल आउट हो गई। इस तरह से पचखरा ने फाइनल मैच 63 रन से जीत लिया ।फाइनल मैच में शानदार खेल के लिए रिशु को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया ।और पूरे टूनार्मेंट में बैट और बाल से ( 220 रन और 8 विकेट ) शानदार प्रदर्शन करने के लिए मनु द्विवेदी को मैन ऑफ द टूनार्मेंट का पुरस्कार दिया गया ।टूनार्मेंट के दौरान अम्पायरिंग मोहम्मद इम्तियाज और रवि ठाकुर ने किया। कार्यक्रम के डॉ रूपेश जायसवाल एवं जसरा के समाजसेवी मुकेश द्विवेदी उपस्थित रहे। आयोजन मंडल में डॉ बबलू, अरविंद, मोहम्मद नौशाद, घनश्याम, बृजेश आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस संगठन का एक एक कार्यकर्ता मील का पत्थर : अरुण तिवारी



**करछना।** यमुनापार प्रयागराज के कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरुण तिवारी ने कहा कि हमारे समस्त कांग्रेस संगठन के साथी बधाई के पात्र है जो आज ब्यस्त समय में भी काफी संख्या में बढ चढ कर हिस्सा लिया इसके पहल कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में मजबूती से बड़ी संख्या मे पहुँच कर ऐतिहासिक कार्य क्रम को सफल बनाया आज आवश्यकता है सब लोग पूरी तन्मयता से संगठन की मजबूती के लिए जुट जांय चुनाव सर पर है कांग्रेस नेतृत्व जिसे भी प्रत्यासी घोषित करती है पूरी क्षमता ताकत के साथ लग जाय संगठन का कार्य कर्ता ही कांग्रेस की रिपोर्ट है प्रत्येक ब्लॉक में बैठक होने के बाद मार्च के पहले सप्ताह में पूरे यमुना पार के कांग्रेस पदाधिकारियों का विशाल सम्मेलन होगा आज की बैठक का संचालन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डा दिनेश कुमार सोनी ने किया आज की बैठक में अपना सुझाव वकतव्य देने वालों में सर्व श्री अरुण तिवारी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रयागराज यमुना पार डा शीतला प्रसाद यादव राम छबि ले मिश्र रंगराज सिंह डा दिनेश कुमार सोनी विनय कृष्ण पाण्डेय एडो सुनील पटेल मयंक मिश्र जी शरद मिश्र देवेंद्र कुमार अनिल मिश्र रजनीश विश्राम दास एडो रविराज सिंह एडो श्याम नारायण चौधरी श्याम बाबू पूर्व प्रधान आशा राम मिश्र आनन्द शुक्ल बब्लू नागेश पाण्डेय शंकर प्रसाद मिश्र लोकेन्द्र पटेल भगौती प्रसाद जटाशंकर अनिल पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति का उत्थान कर मुख्य विकास की धारा में जोड़ना ही भाजपा का लक्ष्य : वी के सिंह

**भाजपा यमुनापार जिला के शक्ति वंदन स्वयं सहायता समूह सम्मेलन शंकरगढ़ में सम्पन्न हुआ**



**बारा।** अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति का उत्थान कर मुख्य विकास की गति में जोड़ना और गरीबी मिटाना ही भाजपा की मोदी-योगी सरकार का लक्ष्य है, उक्त बातें जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वी के सिंह ने शंकरगढ़ के रामा रिसोर्ट में आयोजित स्वयं सहायता समूह के शक्ति वंदन सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि एनजीओ की सभी बहने स्वाबलंबी बने और दूसरों को भी बनाएं। आप सभी महिलाओं के सहयोग से घर और समाज चलता है। मयार्दा और नीतियों का पालन करते हुए वोट देने से पहले राष्ट्रहित और विकास का चयन करें और फिर से मोदी सरकार बनाएं, यही आग्रह करने आया हूं। प्रधानमंत्री मोदी शक्ति वंदन और एनजीओ को बढ़ावा देकर महिलाओं की जो भागीदारी सुनिश्चित कर रहे है, वह अभिनन्दनीय है। मै शंकरगढ़ ही नही पूरे जिले के सर्वांगीण विकास विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं और आपसे मिले आवेदनों को शत प्रतिशत पूरा करूंगा। जल जीवन मिशन के तहत आपकी बड़ी समस्या सबसे पहले जल्द दूर हो जाएगी। रविवार को भाजपा द्वारा शंकरगढ़ के रामा रिसोर्ट में सहायता समूह एनजीओ शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन गया। ज़िलाध्यक्ष महिला मोर्चा सविता मिश्र की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ ।कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.वी.के. सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।इस दौरान शंकरगढ़ की तमाम समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद केसरवानी ने जिला पंचायत अध्यक्ष को अवगत कराते हुए कपारी मार्ग सहित तमाम समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर अध्यक्ष जी ने जल्द ही निदान करने की बात कही ।जिलाध्यक्ष सविता मिश्रा ने महिला आरक्षण और महिलाओं के भागीदारी के प्रति भाजपा सरकार का आभार जताया। इस अवसर पर जिला संयोजक विक्रमादित्य मौर्य, जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी, जिला मंत्री शिवराम सिंह परिहार, प्रोटोकॉल मंत्री सुरेश शुक्ला, ब्लाक प्रमुख निर्मला देवी, चेयरमैन पार्वती कोटार्य, जिला संयोजक आईटी सतीश विश्वकर्मा, विस्तारक विधान सभा अमन मिश्रा, मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह पटेल, सुधा गुप्ता, रोहित केसरवानी, अनुपमा वैश्य, ओम प्रकाश मिश्र, रजनी कान्त श्रीवास्तव, शोभा द्विवेदी, शालिनी श्रीवास्तव, उमा वर्मा, अरविंद केसरवानी, सुजीत केसरवानी, मूल चंद गुप्ता आदि के साथ भारी संख्या में एनजीओ के महिलाएं उपस्थित रही। संचालन पूजा मिश्रा ने किया।

# स्वच्छ जल व स्वच्छ मन का संदेश लेकर निरंकारी मिशन ने चलाया सफाई अभियान

**फूलपुर नगर पंचायत के विभिन्न स्थलों की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश**



**फूलपुर।** सन्त निरंकारी मिशन के संतो एवं सेवादल के जवानों द्वारा रविवार को फूलपुर नगर पंचायत में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान संत निरंकारी मंडल की शाखा फूलपुर के महात्माओं ने सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी के वचनों पर अमल करते हुए शेषपुर ,ब्लाक मुख्यालय सहित विभिन्न स्थलों पर सामूहिक रूप से साफ सफाई करते हुए स्वच्छता को अपनाने का संदेश दिया। स्वच्छ जल व स्वच्छ मन का संदेश लेकर सफाई कर रहे सेवादल के जवानों ने मिशन के निर्देशों पर चलते हुए हमेशा सेवा करने का संकल्प लिया फूलपुर ब्रांच के मुखी महात्मा भोला नाथ ने बताया की निरंकारी मिशन के द्वारा समय-समय पर अनेक सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया जाता है। सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के उपदेशों को बताते हुए उन्होंने कहा की बाबा हरदेव सिंह जी हमेशा कहते थे की कचरा चाहे इंसान के मन में हो या फिर बाहर दोनों ही हानिकारक होते हैं। स्वच्छता अभियान की शुरूआत करते हुए फूलपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष व भाजपा नेता अमरनाथ यादव ने निरंकारी मिशन की सराहना करते हुए मिशन के अनुयायियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सेवादारों ने कहा की निरंकारी मिशन द्वारा प्रतिवर्ष फरवरी माह में सफाई अभियान चलाया जाता है। मौके पर मनोज कुमार संचालक राजधारी के साथ ही सैकड़ों की संख्या में सेवादारों ने सफाई अभियान में भाग लिया।

### संत निरंकारी मंडल द्वारा करौर ग्राम सभा में स्वच्छता अभियान




**जंघई।** संत निरंकारी मंडल द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के तत्वावधान में स्वच्छ जल स्वच्छ मन के तहत ब्रांच जंघई बाजार द्वारा करौर ग्राम सभा के तालाब की सफाई किया गया। जिसमें ब्रांच के समस्त सेवादल बहन, भाई समेत मुखी डाक्टर उदयराज व सेवादल अनिल कुमार, सुरेश कुमार, अजय, रविशंकर पांडेय, राजेंद्र प्रसाद, लालजी, दिनेश, पारसनाथ, हरीलाल आदि लोग उपस्थित रहे। स्वच्छता अभियान के तहत पूरे तालाब परिसर में साफ सफाई किया गया। ग्राम प्रधान रमाकांत गौतम को मंडल के रीति रिवाज के अनुसार सम्मानित किया गया।

# ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह ने घर-घर जाकर लोगों को कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी



**सहसों।** मंडल सहसों में भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यक्रम चलाकर विभिन्न बूथों पर जाकर लाभार्थियों से संपर्क करके घरों पर स्टीकर चिपकाने एवं प्रधानमंत्री द्वारा भेजे गए पत्रक को वितरित करना और मिस्ड कॉल के माध्यम से लाभार्थियों के फोन से मिस्ड कॉल किया जा रहा है। इस अभियान में रविवार को ग्राम सभा पाली में ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह व मंडल महामंत्री पवन कुमार शुक्ला तथा शंकर लाल ने 15 बूथों पर लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह ने घर-घर जाकर के लाभार्थियों से उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मन निधि, शौचालय सहित आदि जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लाभार्थियों से संपर्क कर बताया एवं सरकार के विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाओं का लाभ देश के आम जनता को मिल रहा है। योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर होते हुए देश को समृद्धशाली एवं विकसित बनाएं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , सूर्यमणि पांडे, संजय तिवारी, अतेंद्र मिश्रा, अतुल मिश्रा, आदित्यनाथ, राकेश शुक्ला, भाव नारायण गुप्ता सहित आदि पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद रहे।

# वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का कचरी ने जीता फाइनल मुकाबला



**करछना।** रविवार को करछना क्षेत्र के कचरी ग्राम सभा में नवयुवक मंगल दल कचरी की ओर से एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रधान संघ के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एवं ग्राम प्रधान धर्मराज सिंह पटेल ने फीता काटकर किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चार एवं कबड्डी में छः टीमों ने शिरकत करते हुए लोहा बनवाया। कबड्डी का फाइनल मुकाबला कटका बनाम कचरी के बीच खेला गया। जिसमें कचरी की टीम ने 26-9 अंक से विजई हुई। इसी तरह वॉलीबॉल का फाइनल मुकाबला कचरी बनाम मेंडरा के बीच खेला गया। फाइनल के रोमांचक भरे मुकाबले में कचरी की टीम ने 21-16 पॉइंट के साथ विजई हुई। मुख्य अतिथियों ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया। जिस मौके पर प्रधान हिमांशु मिश्रा, शिवराम निषाद, गनेश पटेल, धीरेंद्र द्विवेदी, संजय पटेल, रोहिणी विश्वकर्मा, विकास पटेल, अजय पटेल, राजन आदि लोग मौजूद रहे।




# नसीम हत्याकांड का एक आरोपी गिरफ्तार अभी तीन अन्य की गिरफ्तारी शेष

**मऊआइमा।** नसीम हत्याकांड का एक आरोपी एक माह बाद गिरफ्तार हुआ। जिसे पुलिस ने जेल भेज दिया जबकि तीन अन्य नामजद और अज्ञातों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मरखामऊ निवासी मोहम्मद नसीम पुत्र मोहम्मद हनीफ उर्फ गेंहू लाल की बीस जनवरी को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी ।जिसपर मृतक नसीम की विधवा पत्नी रिजवाना बानों ने अफसार पुत्र रहईसउल ग्राम जद्दोपुर थाना देल्हूपुर प्रतापगढ़ को नामजद किया था। बाद में मरखामऊ के फरमूद, रुस्तम, परवेज, जुनैद और अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। रविवार को मऊआइमा प्रभारी निरीक्षक राघवेदर सिंह हमराही पुलिसकर्मिय उप निरीक्षक उमाशंकर, कांस्टेबल हिमंशू यादव, कांस्टेबल राम करन यादव ने दोपहर में ब्लाक तीराहे से फरमूद कमर पुत्र मेहंदी हसन निवासी मरखामऊ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि परवेज, रुस्तम, जुनैद तथा अन्य अज्ञातों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं की गई है।

# श्री माता दान सिंह इंटर कालेज में विकास खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा के अंतर्गत ग्राम तरवाई रामनगर माता दान सिंह इंटर कॉलेज में नेहरू युवा केंद्र संगठन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (भारत सरकार) प्रयागराज के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सौरभ कुमार मिश्र (सामाजिक कार्यकर्ता) के द्वारा आयोजित कार्यक्रम दिनांक 24 दिसंबर 2024 दो दिवसीय कार्यक्रम को संपन्न किया गया। जिसमें कबड्डी प्रतियोगिता, खो-खो प्रतियोगिता, टग आफ वार प्रतियोगिता किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन स्थल श्री माता दान सिंह इंटर कॉलेज तरवाई, उरुवा, मेजा, प्रयागराज में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य इंद्रभान सिंह एवं कॉलेज के प्रबंधक आशीष सिंह और विनोद कुमार विश्वकर्मा (पत्रकार) की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। खो खो प्रतियोगिता टीम की विजेता श्रेया पांडेय (कप्तान) कक्षा 11 की टीम एवं उपविजेता करिश्मा सोनकर (कप्तान) कक्षा 9 की टीम रही। वही कबड्डी टीम में विजेता- करीना सोनकर (कप्तान) कक्षा 9 की टीम, एवं उपविजेता श्रेया पांडेय (कप्तान) कक्षा 11 की टीम जोकि रही। वहीं बालक वर्ग में कबड्डी टीम की विजेता- अश्वनी जैसल (कप्तान) कक्षा 7 की टीम एवं उपविजेता बालक वर्ग की टीम हर्ष (कप्तान) कक्षा 9 की टीम जोकि रही। वही तक टग ऑफ वार प्रतियोगिता में विजेता टीम- श्रेया पांडेय (कप्तान)कक्षा 11 की टीम एवं उपविजेता-करीना सोनकर (कप्तान) कक्षा 9 की टीम जोकि रही। इसमें सभी विजेता एवं उपविजेता की टीम को चाहे बालक वर्ग हो और चाहे बालिका वर्ग हो दोनों टीम को हर एक खेल में सभी खिलाड़ियों को मेडल दिया गया एवं विजेता टीम को मोमेंटो के साथ विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। रेफरी के रूप में संजय कुमार जी एवं संदीप कुमार सिंह जी, मिथिलेश कुमार और रिया तिवारी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम की अगली कड़ी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम श्री माता दान सिंह इंटर कॉलेज तरवाई, उरुवा, मेजा, प्रयागराज में किया गया जिसमें विद्यार्थियों को जागरूक किया गया जिसमें रैली, क्विज कंपटीशन किया गया जिसमें प्रथम चार विजेता को मेडल एवं टी-शर्ट वितरित किया गया। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया है कि अपने मताधिकार को कैसे देना होता है क्या इसका उद्देश्य होता है अपने मत को क्यों देते हैं यह सभी विषय पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मिथिलेश कुमार, संजय कुमार, संदीप सिंह, रिया तिवारी, इंद्रजीत कुमार, ज्योति द्विवेदी, नाजरीन बानो की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

दो मार्च को प्रयागराज आएंगे पीएम मोदी

# 17 हजार करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास, तैयारी शुरू हुई

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो मार्च का संगमनगरी प्रयागराज आ रहे हैं। यहां पर उनका करीब चार घंटे का कार्यक्रम प्रस्तावित है। महाकुंभ-2025 को देखते हुए वह 17 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इसमें बड़ी परियोजनाओं रेलवे की है। वह परेड ग्राउंड में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उनके आगमन को देखे हुए जिले के आला अधिकारी भी तैयारियों में जुट गए हैं।परेड ग्राउंड में टेंट तंबू लगाने का कार्यक्रम शुरू हो गया है। यहां पर करीब 10 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रयागराज आगमन अहम माना जा रहा है। प्रयागराज से वह कई जिलों को साधने का प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री संगम भी सकते हैं और स्नान भी कर सकते हैं।

### इन परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे

अक्षयवट, बड़े हनुमानजी मंदिर व महर्षि भारद्वाज आश्रम कारिडोर, प्रयागराज-जौनपुर-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण, प्रयागराज-रायबरेली, राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण, इनर रिंग परियोजनाओं, संगम के पास रोप-वे, रिवर फ्रंट टाइप रोड्स, पक्के स्नान घाट, पुल सड़क समेत अन्य परियाजनाओं की आधारशिला रखेंगे। मेला अधिकारी (महाकुंभ-2025) विजय किरन आनंद के मुताबिक, प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए तैयारियां शुरू हो गई हैं।

# भाई को मार डाला...बाप को भी मार दूंगा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज में एलएलबी छात्र शिवम मिश्र (26) की हत्या करने पर उसके छोटे भाई को कोई पछतावा नहीं है। सत्यम उर्फ संजय (22) रात भर कैंट थाने की हवालात में बंद रहा। उसकी हरकतें साइको जैसी रहीं। सगे भाई को रॉड से पीटकर मार डालने वाले सत्यम की आंखों से एक आंसू तक नहीं टपका।

पुलिस ने बयान दर्ज किया तो वह सपाट जवाब देता रहा। गुस्से में यहां तक कहा कि भाई को मार डाला, अब पिता को भी मार दूंगा। घरवालों का दिमाग खराब हो गया था। सबको ठीक कर दूंगा।प्रयागराज में शनिवार को एमकॉम कर रहे सत्यम ने भाई शिवम की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी। शिवम जब गहरी नींद में था तभी सत्यम ने उस पर हमला करके मौके पर ही मार डाला। हत्या के बाद आरोपी सत्यम बेड के पास ही बैठा रहा। जोर-जोर से चीखता रहा कि और बोलो- मार दिया न। घर वाले शोर सुनकर जब कमरे में पहुंचे। तब तक शिवम की मौत हो चुकी थी। वारदात के बाद संजय ने कहा था, "मेरे पिता बड़े भाई शिवम को ज्यादा चाहते थे। मुझे कोई प्यार नहीं करता था। ये देखकर मुझे बहुत गुस्सा आता था। इसलिए भाई को मार डाला।

### बेटे को खोने का दर्द नहीं भूला पा रहा

संदीप मिश्र अशोक नगर में रहते हैं। बड़े बेटे शिवम मिश्र की मौत के बाद से उनके घर पर पड़ोसियों और रिश्तेदारों का आना जाना लगा हुआ है। वे उनका दर्द बांटने में लगे हुए हैं। घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। वे कभी अपने बड़े बेटे को याद कर रोने लगते हैं तो कभी उसकी हत्या के जुर्म में बंद छोटे बेटे को। घर पर दिन भर चीखने-चिल्लाने की आवाजें आती रही। रिश्तेदारों ने बताया कि पिता संदीप को कुछ समझ ही नहीं आ रहा कि वह क्या करें कैसे करें।

## लॉकअप में खाना दिया तो खाया...लेकिन पानी नहीं मांगा

वारदात के बाद आरोपी सत्यम को पुलिस कैंट थाने लेकर आई। पुलिस ने उसे लॉकअप में बंद कर दिया। सत्यम लॉकअप में गुमसुम बैठा रहा। पुलिस ने जब उसे खाना दिया तो खा लिया। खुद से पानी तक नहीं मांगा। सिपाही ने जब पानी दिया तो उसने पी लिया। सूत्रों के मुताबिक, लॉकअप में सत्यम यही कहता रहा कि पूरे घर का दिमाग खराब हो गया था। सबको ठीक कर दूंगा।वह बार-बार अपना सिर घुटने पर रख लेता था। जब कोई नाम लेकर पुकारता तो उसकी तरफ देखता था। सत्यम को कैंट पुलिस ने शनिवार शाम करीब 4 बजे जिला अदालत में पेश किया। अदालत में पेशी के बाद उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश हुआ। इसके बाद कैंट पुलिस आरोपी को सुरक्षा के बीच कचहरी से नैनी सेंट्रल जेल ले गई।

### घरवाले बड़े भाई को ज्यादा तरजीह देते थे इसलिए मार डाला

एसीपी सिविल लाइंस, श्वेताभ पांडेय ने बताया कि बड़े भाई की हत्या करने वाले आरोपी सत्यम को जेल भेज दिया गया। पूछताछ में आरोपी ने यही कहा कि पिता शिवम को ज्यादा चाहते थे। घरवाले उसे तरजीह देते थे। इसी वजह से वह पिता से भी दुश्मनी रखने लगा। पूछताछ में उसने कहा अपने किए पर पछतावा नहीं है।

## मनोज कुमार एसीपी कोतवाली तो उदय प्रताप को एसीपी फूलपुर बनाया गया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस में बड़े पैमाने पर फेरबदल किया गया है। कमिश्नर रमित शर्मा ने कानून व्यवस्था बेहतर करने की नीयत से एसीपी और थाना प्रभारियों को बदला है। सत्येन्द्र प्रसाद तिवारी सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली के कमिश्नरेट प्रयागराज से कौशाम्बी तबादले पर उन्हें रिलीव कर दिया गया।मनोज कुमार सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर से सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली बनाया गया है। इसी प्रकार नए सहायक पुलिस आयुक्त उदय प्रताप सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त फूलपुर बना दिया गया। इसके साथ ही निरीक्षक वैभव सिंह को प्रभारी निरीक्षक मांडा से प्रभारीनिरीक्षक धूमनगंज स्थानान्तरित किया गया है। निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह को वाचक पुलिस उपायुक्त नगर से प्रभारी निरीक्षक मांडा बनाया गया। निरीक्षक ओम प्रकाश को विवेचना सेल अपराध शाखा से प्रभारी निरीक्षक शंकरगढ़, निरीक्षक अरविन्द कुमार गौतम को प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ से प्रभारी निरीक्षक थरवई, निरीक्षक लोकेन्द्र त्रिपाठी को प्रभारी निरीक्षक थरवई से पुलिस लाइन स्थानान्तरित किया गया। दरोगा ईश्वर दयाल सिंह को थाना कौंधियारा से उच्च न्यायालय सुरक्षा स्थानांतरित किया गया। अजय पाल को प्रभारी चौकी लाल गोपालगंज थाना नवाबगंज से पुलिस लाइन्स स्थानांतरित किया गया। संजय कुमार मौर्या को पुलिस लाइन्स से गंगानगर जोन आवंटित किया गया।

# स्कूल के बगल शराब ठेके के खिलाफ पांच साल के बच्चे ने दाखिल की जनहित याचिका

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** स्कूल के बगल में खुले ठेके के बाहर आए दिन हो रहे शराबियों के हुड़दंग से तंग एलकेजी में पढ़ने वाले पांच साल के एक बच्चे ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर मदद की गुहार लगाई है। कोर्ट ने बच्चे की जनहित याचिका को स्वीकार करते हुए यूपी सरकार से जवाब तलब किया है। पूछा है कि स्कूल के बगल में शराब ठेके का नवीनीकरण हर साल कैसे होता जा रहा है। अदालत 13 मार्च को अगली सुनवाई करेगी।यह प्रकरण कानपुर नगर में चिड़ियाघर के पास का है। पांच साल का अथर्व दीक्षित आजाद नगर स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में एलकेजी का छात्र है। स्कूल से 20 मीटर की दूरी पर शराब का ठेका खुला है। नियम के मुताबिक ठेका दिन में 10 बजे के बाद खुलना चाहिए, लेकिन अक्सर यहां सुबह छह सात बजे से ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। लोग नशे में हुड़दंग भी करते हैं। पास में रिहायशी बस्ती है, जहां सैकड़ों लोग रहते हैं।

### अधिकारियों ने शिकायत पर नहीं दिया ध्यान

जस्टिस मनोज कुमार गुप्ता और जस्टिस क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ के समक्ष अथर्व के अधिवक्ता आशुतोष शर्मा ने कहा कि शराब पीकर हुड़दंग करने वालों से अथर्व न सिर्फ परेशान होता था, बल्कि रास्ते में उसे डर भी लगता था। उसके कहने पर घरवालों ने स्थानीय अधिकारियों से लेकर यूपी सरकार तक कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने परिवार वालों की मदद से जनहित याचिका दाखिल की।यूपी सरकार की तरफ से दलील दी गई कि यह स्कूल 2019 में खुला है, जबकि शराब का ठेका तकरीबन 30 साल पुराना है। इस पर अदालत ने सरकार से यह बताने को कहा कि स्कूल खुलने के बाद साल दर साल शराब के ठेके का नवीनीकरण कैसे हो रहा है। कोर्ट ने सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का वक्त दिया है।

### दलित के घर घुसकर मारपीट, आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा पुलिस के साथ मार पीट अभद्रता करने पर जांच करके अधिकारियों के जाने के बाद दलित के घर में घुसकर ईट पथर से मारा पीटा गया और तोफ फोड की गयी। पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ एससी एसटी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम पिलखुआं में 21 फरवरी को जांच करने गए कांस्टेबल सुधीर कुमार के साथ मार पीट करने पर पुलिस ने दस के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। भारत लाल पुत्र स्वर्गीय गोपीनाथ का आरोप है कि शनिवार को गांव के भोलानाथ और बच्चू लाल से बयान लेने के बाद अधिकारी उससे भी पूछ ताछ करके चले गए।भारत लाल का आरोप है कि अधिकारियों के जाते ही शनिवार को शाम को उसके घर पर ईट पत्थर चलाते हुए घर में घुस कर तोड फोड किए और बेटी रूचि को भी मारते हुए जाति सूचक गालियां दी।भारत लाल ने मऊआइमा थाने में कृष्ण कुमार पटेल,भुवन कुमार पटेल, अखिलेश, मोतीलाल, राधेश्याम, राकेश कुमार के खिलाफ मार पीट एससी एसटी के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## विहिप ने सहसों में चलाया धर्म रक्षा निधि अर्पण अभियान



**सहसों।** विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा संगठन की मजबूती के लिए धर्म रक्षा निधि अर्पण अभियान चलाए जा रहा है। सहसों में विहिप जिला मंत्री विनेक जी के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने लोगों से संपर्क कर संगठन द्वारा कराए जा रहे सेवा कार्यों के बारे में बताते हुए संगठन की मजबूती के लिए अभियान चलाकर धर्म रक्षा निधि संग्रहित कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला मंत्री ने बताया कि यह अभियान वर्ष में केवल एक बार ही चलाया जाता है। इस अभियान में सनातनी लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए संगठन के प्रति अपनी स्वेच्छा से धर्म रक्षा निधि का अर्पण करते हैं। अभियान कार्यक्रम के इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी, जिला सह मंत्री दीपक द्विवेदी, बजरंग दल संयोजक पवन जी, जिला सह मंत्री आशुतोष शुक्ला, पंकज तिवारी, पिंटू मिश्रा सहित आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मालिकाना अधिकार आंदोलन श्रमिक बस्ती में धरना प्रदर्शन जारी




**नैनी।** नैनी केंद्र सरकार के आदेशानुसार अन्य राज्यों की तरह उत्तर प्रदेश की श्रमिक बस्तियों के आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने की मांग को लेकर श्रमिक कॉलोनी, नैनी के निवासियों द्वारा शुरू किए गए मालिकाना अधिकार आंदोलन के तहत धरना प्रदर्शन आज भी जारी रहा। मानस पार्क, श्रमिक कॉलोनी, नैनी, स्थित धरना स्थल पर जोरदार नारेबाजी की गई। गत सात महीने से चल रहे आंदोलन के प्रति सरकार के उदासीन रवैये की निंदा करते हुए श्रमिक कॉलोनी में बच्चों के खेल ग्राउंड सार्वजनिक पार्कों तथा राजकीय श्रम हितकारी केंद्र से 42 वीं वाहिनी पीएसी का कब्जा हटाने की मांग की गई। धरना स्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मालिकाना अधिकार आंदोलन के संयोजक श्रमिक कॉलोनी समिति के सचिव विनय मिश्र ने कहा कि सरकार द्वारा निराश्रित लोगों को आवास बना कर दिए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इन कालोनियों में पिछले 70 वर्षों से रह रहे लोगों को उनके आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने में हीला हवाली की जा रही है। मिश्र ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 1995 में इन आवासों की बिक्री प्रक्रिया शुरू भी की गई थी। लेकिन उसे रोक दिया गया। कई कई पीढियों से लोग यहां रह रहे हैं। 43 वर्षों से समस्या के लंबित होने के कारण मजबूरन आंदोलन करना पड़ रहा है। समिति के सचिव विनय मिश्र ने कहा कि इस आंदोलन का चुनावी राजनीति से कोई संबंध नहीं है। जब तक मालिकाना अधिकार नहीं मिल जाएगा। कॉलोनी के निवासियों का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन सभा में राघवेंद्र सिंह, गवर्नर, शंकर लाल त्रिपाठी, नंदकिशोर मिश्र, मो आरिफ, गुड्डु राय, मोहम्मद शाहिद, अजमत हुसैन, अरुना पांडे, आशा तिवारी, आरती कमला देवी, माया देवी, शारदा सिंह, रिंकी सिंह, प्रभु दयाल यादव, उमानंद मिश्र, मोनू सेठी, आशीष तिवारी, कमलेश कुमार, पप्पू शर्मा, लक्ष्मी नारायण गोपाल जी, शिवबरन सिंह, विनय मिश्र आदि लोग उपस्थित थे।

### प्रबंधक की चोरी हुई बाइक का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** विद्यालय के प्रबंधक की बाइक दिन दहाड़े चोर उडा ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के कडेदीन स्मारक इंटर मीडिएट कालेज ग्राम मदारी के प्रबंधक धर्मराज सिंह की बाइक 23फरवरी को दिनदहाड़े विद्यालय से चोरी हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर बाइक सवार गंभीर

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के फोरलेन हाईवे थाना पडाव चौराहे पर प्रयागराज की ओर से आ रही कार ने बाइक सवार आशीष कुमार 22 वर्ष पुत्र राम सुमेर ग्राम कटरागुलाब सिंह थाना जेठवारा को टक्कर मार दी। जिसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया जहां डाक्टरों ने रेफर कर दिया।

## जैन विद्यालय प्रयाग द्वारा आयोजित ग्रैंड बाल मेला बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**प्रयागराज।** रविवार को जैन विद्यालय प्रयागराज में ग्रैंड बाल मेला का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ माननीय श्री उमेश चंद्र केसरवानी महापौर के द्वारा भगवान की प्रतिमा के आगे दीप जलाकर किया गया। ग्रैंड बाल मेला में बच्चों द्वारा गेम प्रदर्शनी मौज मस्ती के लिए झूले खाने पीने के समान आदि के स्टाल लगाए गए जो कि बच्चों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ दिखाई दिया इस कार्यक्रम में विद्यालय की अध्यापिकाओं द्वारा भरपूर सहयोग किया गया यह कार्यक्रम स्थल जीरो रोड जैन विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। जैन विद्यालय के अध्यक्ष आनंद प्रकाश जैन, प्रबंध कमेटी के सदस्य/कोषाध्यक्ष प्रद्युम्न जैन, प्रधानाचार्या श्रीमती माधुरी जैन, उप प्रधानाचार्या अरुणा मिश्रा,मंत्री प्रबंधक मृदुला जैन , उप मंत्री अखिलेश चंद्र जैन ,डॉक्टर संतोष जैन, टीना अरोड़ा, सुजाता केसरवानी, अचला श्रीवास्तव, माया सिंह, सीमा जैन, अर्चना जैन, अनुप चंद्र जैन, अरूण जैन,प्रमोद जैन, सुनील जैन, डॉली जैन, संगीता जैन, जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन, जैन समाज के महामंत्री राजेश जैन ,आलोक, निर्मल जैन, अमित जैन ,विकास जैन, रूपेश जैन, महिला मंडल, संपूर्ण जैन समाज, स्कूल के बच्चों के साथ अभिभावकगण आदि मौजूद रहे।

## पुरखों को याद किया, पूरी रात हुई इबादत

### शब-ए-बारात पर कब्रिस्तानों में हजारों की भीड़, मगफिरत की दुआएं

**प्रयागराज।** इबादत की रात शब-ए-बरात (शबेरात) पर रविवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने पुरखों को याद किया। शबेरात पर पूरा दिन, पूरी रात इबादत करने का दौर चला। मुस्लिम इलाके पूरी रात रोशन रहे। मस्जिद, मदरसों, दरगाहों के साथ घरों में भी रात भर कुरआन पाक की तिलावत, नफिल नमाजें अदा की गईं। ऐसे लोग जिनके मां, बाप, दादा, दादी, नाना या फिर कोई अपना दुनिया छोड़ गया उन्हें याद कर घरों में फातेहा कराई गई। शाम को असर की नमाज के बाद लोगों का कब्रिस्तान पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया जो पूरी रात जारी रहा। कब्रिस्तानों में हर किसी ने अपनों की कब्रों पर फूल चढ़ाए, अगरबत्ती, मोमबत्ती से रोशनी कर दुआएं पढ़ीं। कब्रों पर चरागा कर मगफिरत की दुआएं की गईं।

**घरों में होती रही कुरआन पाक की तिलावत :** शबेरात के मौके पर शहर के सभी कब्रिस्तानों में हजारों की भीड़ उमड़ी। कब्रिस्तानों में बिजली की लतर की सजावट रही। जिनके अपने दुनिया छोड़ गए उन्हें याद करते हुए लोग कब्रिस्तान पहुंचे। जिनके मां-बाप, दादा-दादी, नानी समेत अन्य रिश्तेदार गुजर गए वे उनकी कब्रों पर पहुंचे और दुआएं कीं। रातभर गुनाहों से तौबा की गई।

अल्लाह पाक की बारगाह में हाथ फैलाकर रहमत की दुआएं मांगी गईं। परिवार की सलामती, तरक्की के लिए दुआएं हुईं। रात में ज्यादातर लोगों ने इबादत की और सुबह सहरी कर सोए। बुधवार को बहुत सारे लोग रोजा रखेंगे। शबेरात की रात रहमतों की रात मानी जाती है। इस पूरी रात तिलावत करने वाले की दुआएं पूरी होती हैं। मगफिरत के लिए खासतौर पर रात जागकर कुरआन पाक की तिलावत, तस्बीह, नमाज अदा की जाती है। ऐसे में शहर के सभी कब्रिस्तानों में मेले का माहौल रहा। कब्रिस्तानों के बाहर और अंदर फूल-माला, अगरबत्ती की दुकानें सजी रहीं। काला डांडा कब्रिस्तान, वफा बाबा अकबरपुर, करेली कब्रिस्तान, चकिया, करबला, हिम्मतगंज कब्रिस्तान, अटाला, रसूलपुर, शाहगंज, बहादुरगंज, दरियाबाद, दायरशाह अजमल, अल्लापुर, शहरारा बाग, राजापुर आदि कब्रिस्तनों में पुरखों को याद करने हजारों लोग पहुंचे।

**दरगाह पर पहुंचे, जलसा भी हुआ :** शबेरात के मौके पर शहर की सभी दरगाहों पर भी लोग फातेहा को पहुंचे। असर की नमाज के बाद शुरू हुआ सिलसिला आधी रात तक चला। दरियाबाद कब्रिस्तान में तो कब्रों के पास ही पूरी रात तिलावत-ए-कुरआन का इंतजाम रहा। अटाला, दायराशाह अजमल, नखासकोहना, करेली, अकबरपुर, रोशनबाग, चकिया, नीम सरांय, बहादुरगंज दायरा आदि में शबेरात की रात जलसा और तकरीरें हुईं। हजारों अकीदतमंद हिम्मतगंज दरगाह, दादा मियां कीडगंज, चौदहों पीर बाबा, हाईकोर्ट दरगाह, लाइन शाह बाबा आदि दरगाहों पर भी पहुंचे।

## विद्युत विभाग में भ्रष्टाचार के विरुद्ध होगा जन आंदोलन बबलू शुक्ल

सपा कांग्रेस का संयुक्त रूप से होगा तहसील घेराव





**कोरांव।** इंडिया महागठबंधन के नेतृत्व में ओला वृष्टि से किसानों के फसलों की हुई क्षतिपूर्ति लिए मुआवजा खाद्य विभाग के अधिकारियों के मिलभगत से कोटेदारों द्वारा खाद्यान वितरण में काला बाजारी सीएचसी कोरांव में मरीजों को दवा अस्पताल से ना मुहैया कराकर बाहर की कमीशन वाली दवाओं को लिखना विद्युत विभाग के कुछ भ्रष्ट कर्मियों द्वारा पैसे के लेन देन के चक्कर में बिना किसी सूचना के नियमो को ताक पर रख कर कनेक्शन विच्छेदन करना समेत अन्य स्थानीय मुद्दों को लेकर शीघ्र आंदोलन किया जाएगा।इस मुद्दे पर बबलू शुक्ल जिला उपाध्यक्ष प्रयागराज कांग्रेस पार्टी ने कहा कि सरकार के सुशासन के दावे धरातल पर पूर्ण रूपेण खोखली बयानबाजी से ज्यादा कुछ नहीं है सरकारी महकमे में बैठे सरकार के मुलाजिम बेलगाम हो गए है जिसके कारण आमजन का शोषण हो रहा है प्रदेश की जनता त्राहि त्राहि कर रही है जिसका खामियाजा निश्चित रूप से आगामी लोकसभा के चुनाव में भाजपा सरकार को भुगतना पड़ेगा। कोरांव विद्युत विभाग में जिस प्रकार से संविदा कर्मियों की मनमानी अवैध वसूली और उपभोक्ताओं से बदसलूकी की शिकायत आ रही है और विभाग के उच्चाधिकारी धृतराष्ट्र की भूमिका में मौन बने बैठे यह एक विचारणीय प्रश्न है और ऐसे कृत्य को इंडिया गठबंधन के लोग किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं करेंगे।इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के नेता रविंद्र जैसल जाटव प्रधान एवम विधानसभा महासचिव ने कहा की जिस प्रकार से विद्युत विभाग कोरांव में तैनात संविदा कर्मी अमरेश पांडे और अजय श्रीवास्तव टीजी टू द्वारा जनता के साथ दुर्व्यवहार कर शोषण किया जा रहा है यदि शीघ्र ही कार्यवाही नही होती है तो विभाग के खिलाफ रणनीति तय करते हुए आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेवारी पूर्णतः शासन प्रशासन की होगी।

## नीम का पेड़ बना कौतूहल केंद्र, लोग कर रहे पूजा



**कौंधियारा।** प्रयागराज के गडैय़ा कला गांव में जो जारी पावर हाउस के ठीक सामने है, एक नीम के पेड़ से सफेद रंग का गाढा. रस निकाल रहा है । जो लोगों के लिए कौतूहल का केंद्र बन गया है । रविवार सुबह से ही यहां महिलाओं की भीड़ लग गई है । कई श्रद्धावान लोग अपने घरों से चुनरी लाकर चढ़ा रहे हैं । नीम के पेड़ में माता शीतला देवी का बास माना जाता है । इस नीम के पेड़ में भी शीतला मांता के प्रकट के होने की बात कही जा रही हैं । कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी बाजार के दक्षिणी छोर पर रीवा रोड नेशनल हाईवे के किनारे इस नीम के पेड़ की पूजा अर्चना शुरू हो चुकी है। धीरे-धीरे बात दूर तक फैलती जा रही है। लोग इस पेड़ को देखने के लिए आतुर हैं। नीम के पेड़ के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु मनौतिया भी मांग रहे हैं। बस्ती के कई लोग बताते हैं कि अपने जीवन काल में इस तरह का अचरज नहीं देखा ,जब किसी नीम के वृक्ष से दूध जैसी धार निकल रही हो। विज्ञान लेखक विजय चितौरी के अनुसार पेड़ पौधों में इस तरह की गोंद निकालने की प्रक्रिया एक सामान्य प्रक्रिया है कभी-कभी पेड़ों की शिराएं क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण टहनियों से अचानक इस तरह की गोंद निकलने लगती है। यह गोंद खाने पर बहुत कड़वी होती है । फिलहाल गांव वालों के लिए यह पेड़ दर्शनीय बना हुआ है। वैसे भी इस देश में आस्था प्रबल है। सनातन धर्मी पत्थर ,वृक्ष नदी, पहाड़ ,सूर्य ,चंद्रमा और हवा की पूजा परंपरागत रूप से करते आ रहे हैं। कुछ अलग दिखा तो वहां देवता की उपस्थिति लोग मानने लगते हैं । वह स्थान पूजा का केंद्र बन जाता है।

# हमारे देश की बेटियॉ किसी से कम नहीं: प्रभारी मंत्री

## जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में सांसद महिला खेल स्पर्धा का हुआ समापन

### प्रभारी मंत्री ने विजेता को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**



विजेता टीम को शील्ड देकर सम्मानित करते प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल।

**प्रतापगढ़।** आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)/जनपद के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि हमारे देश की बेटियॉ किसी से कम नही है और हर क्षेत्र में वह अपनी प्रतिभा से परचम लहरा रही है। प्रभारी मंत्री आज यहां जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में सांसद महिला खेल स्पर्धा के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

प्रभारी मंत्री ने सांसद महिला खेल स्पर्धा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों शील्ड, प्रमाण पत्र/डेमो चेक प्रदान कर सम्मानित किया। प्रधानमंत्री के प्रयासों से हमारे देश के खिलाड़ियों ने अच्छा खेल खेलकर अपना नाम देश में ही नही बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया है और देश की छवि को रोशन करने का कार्य किया है। इस अवसर सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि जनपद की बेटियॉ आगे बढ़कर आई0ए0एस0, पीसीएस, डाक्टर, इंजीनियर, सांसद, विधायक बनकर देश एवं प्रदेश की सेवा करेंगी। इस अवसर पर सांसद संगम लाल गुप्ता ने खेल स्पर्धा में भाग लेने वाले सभी विजेता/उप विजेता खिलाड़ियां को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सांसद महिला खेल स्पर्धा के प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि खेल स्पर्धा के माध्यम से ग्रामीण अंचल की छात्राओं को अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिल रहा है। सांसद महिला खेल स्पर्धा के बालीबाल प्रतियोगिता में स्पोर्टिंग क्लब मल्हूपुर मानधाता विजेता व टीचर्स ग्रुप बेसिक शिक्षा प्रतापगढ़ उपविजेता, कबड्डी प्रतियोगिता में कालिका इण्टर कालेज मोहनगंज विजेता व स्टेडियम प्रतापगढ़ उपविजेता रही। कुश्ती में शिवगढ़ की आरती सिंह ने प्रथम, मानधाता की आज्ञा सिंह पटेल ने द्वितीय व सदर की निशा विश्वकर्मा तथा आकांक्षा पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

लम्बी कूद में सण्ड़वा चन्द्रिका की विभा पाल प्रथम, वन्दना सरोज पट्टी द्वितीय, आयुशी गुप्ता रानीगंज तृतीय रही। 800 मीटर की दौड़ के नम्रता सिंह ने प्रथम, वर्षा सिंह ने द्वितीय व अंशिका धुरिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान सांसद जी ने महिला बैडमिन्टन में प्रतापगढ़ की स्टेट चैम्पियन सिमरन बानो, समरीन बानो व जैनब बानो को सम्मानित किया। अन्त में राष्ट्रगान के साथ सांसद महिला खेल स्पर्धा कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, उपजिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ल, जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज, दिनेश गुप्ता, वरूण सिंह, समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य, सांसद प्रतिनिधि अभिषेक पाण्डेय, पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर0बी0 सिंह, व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह अन्य सम्बन्धित अधिकारी व पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शासकीय अधिवक्ता विवेक उपाध्याय द्वारा किया गया।

# चिलबिला में पद्मावत का स्टॉपेज न होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

### चेन पुलिंग करके ट्रेन रोकना यात्रियों की मजबूरी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन और दिल्ली के बीच चल रही पद्मावत एक्सप्रेस का चिलबिला जंक्शन पर स्टॉपेज न होने से यात्रियों को काफ़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधि भी उनकी समस्या की तरफ ध्यान नहीं नहीं दे रहे हैं। जबकि चिलबिला बाजार व्यापारियों का हब है। काफी संख्या में यहां को लोग पद्मावत से सफर करते हैं। लेकिन रेलवे ने उन्हें यहां चढ़ने और उतरने की सुविधा नहीं दी है। चेन पुलिंग करके रोकने पर आरपीएफ यात्री को पहले कूटती है फिर जेल भेजती है। इस महीने लगभग डेली चेन पुलिंग हो रही है। आरपीएफ के लाख प्रयास के बाद भी नहीं रुक रही है।

दरअसल, पद्मावत एक्सप्रेस दिल्ली जाने वालों के लिए काफी पसंदीदा ट्रेन है। जिससे इसमें भीड़ काफी होती है। टिकट मिलना मुश्किल रहता है। चिलबिला जंक्शन की बात करें तो यहां से काफी संख्या में लोगों का पद्मावत एक्सप्रेस से डेली आना जाना रहता है। बिजनेस के मामले में भी काफी यात्री इससे सफर करते हैं। लेकिन इसका ठहराव न होने से उन्हें मां बेल्हा देवी धाम स्टेशन आना पड़ता है। बता दें कि चिलबिला जंक्शन पर पद्मावत नहीं रुकती हैं यह जानते हुए भी यहां के यात्री चेन पुलिंग करके रोकते हैं ऐसा करना उनकी मजबूरी है।

इस चक्कर में पकड़े जाने पर आरपीएफ वाले उन्हें चेन पुलिंग के आरोप में जेल भेज देती हैं। आखिर यात्री करे तो क्या करे। बता दें कि चेन पुलिंग करके ट्रेन को रोकने में रेलवे का ही नुकसान हो रहा है। इस चक्कर में ट्रेन दस से पंद्रह मिनट तक रोकनी पड़ जाती है। अगर कुछ मिनट का स्टॉपेज हो जाता है तो रेलवे का राजस्व और समय बचेगा। आरपीएफ और परिचालन कर्मियों को बिना वजह भागदौड़ और लिखा पढ़ी भी नही करनी पड़ेगी। यात्री जेल भी नहीं जायेगा।

### ट्रैफिक होगा कम, राह होगी आसान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पद्मावत एक्सप्रेस से मां बेल्हा धाम प्रतापगढ़ स्टेशन पर उतरने के बाद चिलबिला के यात्रियों को उल्टा जाना पड़ता है। इसके लिए उन्हें सवारी करनी पड़ती है। जिसमें काफी पैसा और समय खर्च हो जाता है। वाहनों की भीड़ से ट्रैफिक भी बढ़ता है। जो जाम में सहयोग करता है। स्टॉपेज होने से यात्रियों की राह आसान होगी।

### क्या कहते हैं एडीआरएम?

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** इस बारे में उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के एडीआरएम परिचालन का कहना है कि इस संबध में रेलवे बोर्ड ही कोई दिशा निर्देश दे सकता है। फिलहाल वे अधिकारियों के समक्ष यात्रियों की समस्या को रखेंगे। देखते हैं क्या हो सकता है।



श्रमदान करते एनएसएस शिविर के छात्र।

## डिग्री कालेज के एनएसएस शिविर के छात्रों ने किया श्रमदान

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खंड कालाकांकर के पंडित मदन मोहन मालवीय पी. जी.कॉलेज कालाकांकर मे 24 फ़रवरी से एक मार्च तक चल रहे सात दिवसीय एन एस एस के विशेष शिविर के दूसरे दिन रविवार को शिविर्रार्थियों ने तीनो इकाईयो के कार्यक्रम अधिकारी श्री भूपेश प्रताप सिंह, डॉ डालचंद आनंद और डॉ सृष्टि के निर्देशन मे शिविरार्थियो ने बढ़ चढ़ कर कालेज परिसर की साफ सफाई के साथ श्रम दान किया। एन एस एस के शिविरार्थियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए कार्य को पूरी निष्ठा के साथ करने का संकल्प लिया और समाज को भी सन्देश दिया की यदि एकता हो तो किसी भी कार्य को करना असंभव नहीं है। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारियों ने शिविरार्थियों को जीवन के कई महत्व पूर्ण गुण बताये।

## महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को जिला कारागार का कराया गया भ्रमण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शासन की मंशानुरूप आज रविवार को नीरज कुमार बरनवाल अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार डा0 राम चन्द्र विधि स्मारक महाविद्यालय रानीगंज के छात्र छात्राओं को जिला कारागार का भ्रमण कराया गया। जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को मिलने वाली निःशुल्क विधिक सहायता हेतु लीगल एड क्लीनिक, चिकित्सा संबंधी सुविधा हेतु स्थापित जेल अस्पताल, ज्ञानार्जन हेतु स्थापित पुस्तकालय, कौशल विकास मिशन के अंतर्गत बंदियों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम, भोजन व्यवस्था हेतु स्थापित भोजनालय, वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम, खेल के मैदान, मुलाकाती स्थल का भ्रमण कराते हुए आवश्यक जानकारी दी गई । इस अवसर पर प्रभारी अधीक्षक अजय कुमार सिंह ने कारागार छात्र छात्राओं को जेल सम्बन्धी जानकारी कहा कि आप सभी समाज के जागरूक व्यक्ति हैं, समाज में लोगों को जागरूक करें कि छोटी छोटी बातों को लेकर आपस में लड़ाई झगड़े न करें, आपसी विवाद का निस्तारण सुलह समझौता से कर लें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बंदियों को दी जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता के संबन्ध में जेल विजिटर विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट ने छात्र छात्राओं को आवश्यक जानकारी दिया। उप जेलर आफताब अंसारी के दिशा निर्देशन में छात्र छात्राओं को जेल का भ्रमण कराया गया। लॉ कॉलेज के 65 छात्र छात्राओं की टीम प्राचार्य डा0 सुनील कुमार पांडेय के नेतृत्व में जिला कारागार आई, जहां पर सभी छात्र छात्राओं के परिचय पत्र को देखकर कारागार में प्रवेश कराया गया

## लच्छीपुर में आयोजित हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पाण्डेय का पुरवा लच्छीपुर में नर्वदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। चिकित्सा शिविर में जनपद के विभिन्न पैथियो के चिकित्सकों ने सहभागिता करते हुए स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर वाराणसी के ए डी जे राकेश पाण्डेय मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम न्यायाधीश पट्टी आरोग्य भारती के संरक्षक डॉ एस के शर्मा की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरोग्य भारती के जिला अध्यक्ष डॉक्टर सुधांशु उपाध्याय व संचालन अमित शुक्ल ने किया। इस दौरान सैकड़ों पुरूष महिलाओं ने शिविर में पंहुचकर अपनी समस्या बताकर चिकित्सकों से सलाह और मुफ्त दवाएं प्राप्त की। इस दौरान चिकित्सकों को आयोजक मण्डल ने सम्मानित किया जिसमें डॉ एस के शर्मा, डॉ सुधांशु उपाध्याय, डॉ भरत नायक, डॉ राजीव श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, बजरंग कौशिक धर्म प्रकाश पाण्डेय, आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने दो चोरों को किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संगीपुर पुलिस ने चोरी की भैंस एवं फर्जी नंबर प्लेट लगी पिकअप गाड़ी एवं दो भैंस चोर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार मिश्रा के निर्देश पर उपनिरीक्षक रोहित कुमार व स्वाट टीम सुनील कुमार यादव संदिग्ध वाहनों की चेकिंग अभियान चला रहे थे उसी दौरान थानेदार विवेक कुमार मिश्रा को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि पूरेनारायण दास पानी टंकी के पास भैंस चोरी की जा रही है। मुखबिर की सूचना पर सांगीपुर पुलिस सतर्कता दिखाते हुए सूचना स्थल पर पहुंची तो भैंस चोर पुलिस को देखकर भागने लगे पुलिस ने दौड़कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में राम सेवक यादव पुत्र मगरू यादव व रासीद पुत्र लतीफ सांगीपुर शामिल रहे।

# 45 लाभार्थियों को वितरित किया गया मुफ्त डेस्कटॉप कंप्यूटर

### हर घर साक्षर योजना के तहत वितरित हुआ कम्प्यूटर

**अखंड भारत संदेश**




कम्प्यूटर वितरण के दौरान अतिथिगण।

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर में स्थित राजीव गांधी कंप्यूटर साक्षरता मिशन के प्रांगण में शनिवार को भारत सरकार की महत्वाकांक्षी डिजिटल भारत मिशन के अंतर्गत हर घर इस साक्षर योजना के अंतर्गत 45 लाभार्थियों को मुफ्त में डेस्कटॉप कंप्यूटर वितरित किया गया। कंप्यूटर प्राप्त करने के बाद जहां लाभार्थियों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी वही मौजूद वक्ताओं ने सरकार की इस योजना की सराहना करते हुए लाभार्थियों का हौसला भी बढ़ाया।

संस्थान के लाभार्थी अजय, अंजली, देवा सिंह, हर्ष, महिमा, रंजीत, पंकज ,प्रतिभा, राजकुमार रिया पांडे, सचिन शिवानी मिश्रा, शुभम, स्नेहा, विवेक, रागनी सहित 45 लाभार्थियों को कंप्यूटर वितरित करने के बाद मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता के छोटे भाई दिनेश गुप्ता ने कहा कि कुछ समय पहले तक कंप्यूटर प्राप्त करना विद्यार्थियों के लिए एक सपना था लेकिन वर्तमान सरकार की तमाम योजनाओ से लोग लाभान्वित हो रहे हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद पट्टी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अखिलेश पांडे ने कहा कि डिजिटल रूप से सशक्त होने के लिए हमें कंप्यूटर के सदुपयोग के बारे में मंथन करना चाहिए। पट्टी चेयरमैन प्रतिनिधि प्रमोद जायसवाल ने कहा कि सरकार तकनीकी रूप से लोगों को सशक्त करने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभासद प्रतिनिधि गौरव श्रीवास्तव, मुन्ना पटेल, राम सिंह, विजय बरनवाल, मोनू वर्मा अखिलेश प्रजापति, शुभी पांडे, प्रदीप चौरसिया, युसूफ अंसारी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के डायरेक्टर दीपक वर्मा ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

### तकनीकी शिक्षा के ज्ञानार्जन को लेकर मिले मेधावियों को स्मार्टफोन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** जलेसरगंज क्षेत्र के कृष्णा नगर मोठिन स्थित राजकली रमाशंकर शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मेधावी छात्र व छात्राओं को युवा सशक्तिकरण के तहत स्मार्टफोन का समारोह पूर्वक वितरण हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना से किया। कार्यक्रम में प्रबंधक कृष्ण शुक्ल ने कहा कि स्मार्टफोन मेधावियों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय की नूतन घटना चक्र को लेकर ज्ञानार्जन को लेकर आज सर्व सफल दाई है। प्रबंधक प्रतिनिधि बलराम शुक्ला ने कहा कि स्मार्टफोन के जरिए मेधावी अपने ज्ञान विज्ञान के प्रति दक्षता हासिल करते हुए विद्या का सर्वोत्तम ज्ञान अर्जित कर सकेंगे। वहीं जिला पंचायत सदस्य दिलीप पांडे ने भी स्मार्टफोन की बहू उपयोगिता पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की छात्रा दिव्या सोनी, अर्पणा सिंह, कुमारी दिव्या तथा छात्र अनुज कुमार व मानस मिश्रा आदि ने स्मार्टफोन के मिलने को अध्ययन के क्षेत्र में उनके लिए वरदान ठहराया। कार्यक्रम का संयोजन प्राचार्य डॉक्टर सर्वेश त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर सिद्धनाथ, नवीन द्विवेदी, पंकज, सुरेश, रवि, प्रमोद, संतोष, सुमन, सोनम आदि रहे

# सन्त गाडगे ने शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए आजीवन किया संघर्ष किया: रत्न

### संत गाडगे महराज की मनाई गई जयंता

**अखंड भारत संदेश**



संत गाडगे महराज की जयंती पर मौजूद अतिथिगण।

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश द्वारा संत गाडगे महाराज की जयंती पर शारदा संगीत महाविद्यालय प्रतापगढ़ में समारोह हुआ। महान सन्त के चित्र पर माल्यार्पण के उपरांत डॉ. रत्न ने अपने स्वरचित महाकाव्य संत गाडगे का सस्वर पाठ भी किया। अन्य वक्ताओं ने महाकाव्य की समीक्षा की।

छात्र-छात्राओं ने संगीतमय प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। अध्यक्षता करते हुए लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि संत गाडगे ने शिक्षा और स्वच्छता के प्रचार-प्रसार हेतु आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने कहा अभावों को झेल लो किंतु बच्चों को अवश्य पढ़ाओ। मुख्य अतिथि के रूप में अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि संत के बचपन का नाम डेबू था। मदिरापान, व्यसन तथा अंधविश्वास आदिक का वे सदा विरोध करते रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या बीना श्रीवास्तव, राम प्रकाश तिवारी, डॉ. सरोज शुक्ला तथा शिक्षक अशोक तिवारी ने विचार रखे। संचालन शिक्षाविद राकेश कनौजिया ने किया। इस अवसर पर स्वस्तिक रमन शुक्ल, श्वेता, प्राची, जाह्नवी, प्रतीक्षा, मुस्कान, श्रेया, शिवम, कुलश्रेष्ठ तथा रोहित कुमार ने गीत-संगीत प्रस्तुत किया।

### चिलबिला जंक्शन भवन का आज लाइव उद्घाटन करेंगे पीएम

**प्रतापगढ़।** अमृत महोत्सव योजना में शामिल चिलबिला के नए जंक्शन भवन का वर्चुअल उद्घाटन प्रधानमंत्री 26 फरवरी को पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे करेंगे। साथ ही अमेठी रोड की तरफ उतरने के लिए आरओबी का शिलान्यास सांसद संगम लाल गुप्ता करेंगे। यह जानकारी सांसद प्रतिनिधि विवेक उपाध्याय ने दी है। कार्यक्रम में विधायक सदर राजेंद्र मौर्य, जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, नपा अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह भी मौजूद रहेंगे।

# साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में एनएसएस शिविर का हुआ समापन

### प्राचार्या ने सभी के प्रति जताया आभार

**अखंड भारत संदेश**



एनएसएस शिविर में मौजूद मुख्य अतिथि व प्राचार्य, प्रबंधक।

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन रविवार को किया गया जिसका शुभारम्भ साँई वंदना, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत नेहा, सौम्या, मानसी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में कु0 प्रज्ञा सिंह, शिखा पाण्डेय मेरे राम के बोल पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की और कु0 अंजली, जयति ने धरती करे पुकार का मंचन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश शासन के विशेष कार्य अधिकारी डॉ0 मंजू सिंह ने छात्राओं को यह संकल्प दिलाया कि तुम सर्वश्रेष्ठ हो और सर्वश्रेष्ठ भारत की निर्माता हो छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सात दिवसीय शिविर के अनुभव की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यह महाविद्यालय अपने में भी सर्वश्रेष्ठ है, क्योंकि इसका विकास एक परिवार के रूप में दिखाई दे रहा है और छात्राओं का जिस प्रकार उपयोग किया गया है वह निश्चय ही कुशल नेतृत्व और शिक्षक-शिक्षिकाओं के अथक प्रयास का परिणाम हैं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया और श्री अनन्त प्रकाश शुक्ला ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया और कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी अजमत अंसारी, डॉ0 अनीता पाण्डेय, डॉ0 प्रतिभा मिश्रा के द्वारा किया गया।

# निरंकारियों ने बेल्हा देवी घाट की किया सफाई

### नपाध्यक्ष ने भी लगाई झाड़ू, एसडीएम ने किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**



बेल्हा देवी घाट की सफाई करते नपाध्यक्ष व निरंकारी संत।

**प्रतापगढ़।** प्रोजेक्ट अमृत के अन्तर्गत स्वच्छ जल-स्वच्छ मन परियोजना के दूसरे चरण का आयोजन सद्गुरू माता सुदीक्षा महराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के आशीर्वाद से रविवार को प्रातः 8 बजे से विभिन्न शाखाओ प्रतापगढ़, उड़ैयाडीह, ढकवा, मानापुर एवं सण्डवा चन्द्रिका के द्वारा लगभग 1000 सेवादारों द्वारा पवित्र घाट मॉ बेल्हा देवी मंदिर की साफ-सफाई की गयी। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन उप जिलाधिकारी, सदर उदयभान सिंह के द्वारा किया गया।

इस दौरान क्षेत्रीय संचालक राम प्यारे ने बताया कि यह परियोजना पूरे भारत वर्ष में 1500 से अधिक स्थानों के 900 शहरों के 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में आज के ही दिन एक साथ आयोजित की जा रही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल निकायों को संरक्षित के विकल्पों के विषय में जनमानस को जागृत करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ भविष्य दिया जा सके। बाबा हरदेव सिंह महाराज की प्रेरणात्मक शिक्षाओं का अनुसरण करते हुये सन्त निरंकारी मिशन के स्वच्छता अभियान के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का आरम्भ वर्ष 2023 किया गया था। आज प्रतापगढ़ जनपद के विभिन्न शाखाओं द्वारा हौदेश्वरनाथ धाम, शनिदेव धाम, घुइसरनाथ धाम, श्रृंगवेरपुर धाम, सकरदहा शारदा सहायक नहर आदि अलग-अलग स्थानों पर जल संरक्षण हेतु घाटों की साफ सफाई किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी, सदर, उदय भान सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, ट्रांसपोर्ट यूनियन जिलाध्यक्ष विजय सिंह व इसके साथ ही मॉ बेल्हा देवी मंदिर मुख्य पुजारी रघ्घू पण्डा, राधेश्याम मौर्य, संयोजक-प्रतापगढ़, राजतन, महावीर, उमाशंकर, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, अखिलेश, पंकज कौशल, उमेश चन्द्र, करूणा शंकर, राहुल सरोज, सालिक राम मौर्य, आशीष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### बाबा घुइसरनाथ धाम में स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** पौराणिक स्थली बाबा घुश्मेश्वरनाथ धाम में व्याप्त गंदगी के अम्बार की सफाई के लिए रविवार को संत निरंकारी मंडल सेवादल द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर पूरे मेला क्षेत्र को गंदगी से मुक्त कराया गया। संत निरंकारी मंडल की प्रमुख सदगुरु माता सुदीक्षा के निर्देश पर महाशिवरात्रि के मद्देनजर सेवा दल द्वारा घुश्मेश्वरनाथधाम मेला क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर सई नदी घाट,गंगा सागर से लेकर पूरे मेला क्षेत्र को गंदगी से मुक्त किया गया। सफाई अभियान की शुरुवात समाजसेवी व पूर्व प्रधान आशुतोष मिश्र ने फीता काट कर किया। उक्त कार्यक्रम में संत निरंकारी मंडल पूरे गोविंदराम, अलावलपुर, लालगंज व बाभन की बखरी के सेवादल के कार्यकर्ता शामिल रहे। इस दौरान पुलिस चैकी प्रभारी राजेश शुक्ल हमराही सिपाहियों के साथ सहयोग करते नजर आये। इस मौके पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, संचालक रामप्रकाश यादव मुखी, रामसुख, अमरेश सिंह, सुरेश, राजकुमार सिंह कल्लू, रामबरन, लालजी, ललन प्रसाद, हेमराज यादव, प्रिया देवी, मुस्कान आदि की मौजूदगी रही।

# लाशों के ढेर में तब्दील हुआ भरवारी कस्बा

## चारों तरफ कोहराम हर चेहरे पर थे गम, इतने बड़े हादसे के बाद दोषियों की नहीं तय हो सकी जवाब देही

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जिले के भरवारी कस्बे में अवैध तरीके संचालित हो रही पटाखा फैक्ट्री में रविवार की दोपहर एक के बाद एक कई तेज विस्फोट के बाद 12 लोगों की मौत हो चुकी है मौत के आंकड़े बढ़ने की उम्मीद है पटाखा फैक्ट्री के बिस्फोट में 22 लोग गंभीर झूलसे हैं लेकिन 4 लोगों के शव चीथड़े तब्दील हो चुके हैं आठ लोगों के शव सही सलामत पाए गए हैं बताया जाता है की फैक्ट्री में तीन दर्जन से अधिक मजदूर काम पर लगे थे अचानक विस्फोट हो जाने से कोई भी मजदूर भाग कर बाहर नहीं निकल सका है पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद चारों तरफ रोना पीटना मचा है हर चेहरे पर गम दिखाई पड़ रहे थे जिसने भी पटाखा फैक्ट्री में बिस्फोट को सुना वह भागते हुए घटना स्थल पर पहुंच गया फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर के परिवार और रिश्तेदार भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए और अपनों के शव को खोजने की कोशिश करने लगे लेकिन तमाम लोगों के शव के चीथड़े उड़ गए थे जिससे तमाम लोगों के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।





### भरवारी कस्बे में पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामले में बवाल की आशंका से 3 जिले की पुलिस,4 प्लाटून पीएसी तैनात

**कौशाम्बी।** जिले के भरवारी कस्बे में हुए पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामले में भारी मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात कर से गई है कौशाम्बी पुलिस और प्रशासन ने पड़ोसी जनपद प्रतापगढ़ और फतेहपुर जनपद से भी फोर्स बुलाई है,वही 4 प्लाटून पीएसी भी बुला ली गई है,जिससे सोमवार की सुबह पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट से मृतकों के शव पोस्टमार्ट हो कर आने के बाद ग्रामीण आक्रोशित होकर बवाल न करे,इसके लिए कौशाम्बी जिले की कई थाने की फोर्स के साथ साथ फतेहपुर और प्रतापगढ़ जिले की भी पुलिस बुला ली गई है।

## जमीनी विवाद में एक व्यक्ति पर प्राण घातक हमला



**नेवादा कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के पिपरहाई गांव मे जमीनी विवाद में एक व्यक्ति पर प्राण घातक हमला किया गया है जिससे उसे गंभीर चोटें आई है घायल अवस्था में उसे स्थानीय अस्पताल लेकर परिवार के लोग पहुंचे जहां चिकित्सक ने इलाज करने से इनकार कर दिया है जिस पर परिवार के लोग उसे दूसरे अस्पताल लेकर चले गए हैं। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के पिपरहाई गांव मे प्रमोद पांड़े पुत्र राम कुमार व गपूल सिंह पुत्र भंवर सिंह की सेवढ़ा रोड पर नहर पर कहीं जमीन थी जो कि प्रमोद पांड़े अपने हिस्से की जमीन पहले ही बेंच डाला था अब गपूल सिंह अपनी जमीन बेंच रहा था प्रमोद पांड़े व उनका लड़का प्रदीप पांड़े जबरन जमीन मे हिस्सा मांग रहा था हिस्सा न देने पर धारदार हथियार से गपूल सिंह पर वार कर लहूलुहान कर दिया गंभीर हालत में घायल गपूत सिंह को परिजन तिल्हापुर मोड़ स्थित निजी अस्पताल लेकर गये जहा उन्हे जवाब दे दिया जिस पर परिवार के लोग घायल को लेकर दूसरे अस्पताल चले गए हैं जहां उनका इलाज चल रहा है हालत गंभीर बताई जाती है।

## हाथ में रोटी खा लें, पर शिक्षा जरूरी : न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी







**अझुवा कौशांबी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ा के शीतला धाम स्थित धोबी धर्मशाला चित्रसारी के तत्वावधान में रविवार को स्वच्छता अभियान के जनक संत गाडगे की 148 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी रहे।जयंती कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी व उनकी धर्म पत्नी मधु चौधरी ने संत गाडगे के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी ने कहा कि संत गाडगे बाबा स्वच्छता अभियान के जनक होने के साथ महान समाज सुधारक थे। उन्होंने अपने जीवन में सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास के खिलाफ संघर्ष किया। शिक्षा के प्रति जन जागरूकता भी उनकी मुहिम का हिस्सा था। संत गाडगे का मुख्य उपदेश था कि भले ही घर का बर्तन बिक जाए, रोटी हाथ में लेकर खाना पड़े, लेकिन बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलाएं। न्यायमूर्ति की पत्नी मधु चौधरी ने कहा कि संत गाडगे सर्व समाज के महापुरुषों के साथ संविधान निमार्ता डॉ. आम्बेडकर के राजनैतिक गुरु भी थे। उन्होंने खाने के लिए हाथ में थाली हो न हो, लेकिन हाथ में किताब जरूर होनी चाहिए। क्योंकि शिक्षा से हमारे नेत्र खुलते है। इस दौरान हेमंत टुन्नु, राम सजीवन निर्मल, लवकुश निर्मल सहित अन्य लोगों ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार रखे। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्नों ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किए। समाज के बच्चों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक राम सजीवन निर्मल व संचालन सेंधी लाल निर्मल ने किया।इस दौरान न्यायमूर्ति की पत्नी मधु चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि लवकुश निर्मल, शिव मोहन चौधरी, निरंजन चौधरी, हेमन्त टुन्नु, दीपक माले, राम सजीवन निर्मल, धीरज निर्मल, धीरेंद्र कुमार निर्मल, अशोक दिवाकर, चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण केसरवानी, भानू प्रताप सिंह यादव, रमेश यादव, आशीष मौर्य, अरुण चौधरी, राम लखन चौधरी सहित काफी संख्या में महिलाएं और छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

### 20 लीटर शराब के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी** थाना महेवाघाट पुलिस उप निरीक्षक राजेंद्र सरोज मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रामाश्रय पुत्र चुनकू निवासी महवा ऊपरहार थाना महेवाघाट जनपद कौशांबी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को चालान मा0 न्यायालय किया गया थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उप निरीक्षक अनिल कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त श्रवण कुमार पुत्र वचान निवास दुर्गा सिंह का डेरा थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशांबी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चलन न्यायालय किया गया

**जुआ खेलते हुए 02 अभियुक्त गिरफ्तार** : कौशांबी जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस उप निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह मय हमराह पुलिस द्वारा 02 नफर अभियुक्तों 1. मुन्ना पुत्र इलियास निवास सालेपुर 2. हिमांशु पाल पुत्र भूत लाल निवासी मुकीमपुर थाना करारी जनपद कौशांबी को सार्वजनिक स्थल पर हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया इनके कब्जे से 52 आदत ताश के पत्ते 250/. रु0 मालफड़ तथा जामा तलाशी 300/.रु0 बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 34/24 धारा 13 जुआ अधि0 पंजीकृत किया गया।

## बचाव एवं राहत कार्य में लगायी गई थी 36 एम्बुलेंस



**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में पटाखा फैक्ट्री में रविवार को बड़े विस्फोट के बाद बचाव एवं राहत कार्य के लिए 36 एंबुलेंस लगाई गई थी जिनमे 102 की 21 और 108 की 16 एंबुलेंस शामिल थे जो विस्फोट में झूलसे लोगों को अस्पताल पहुंचने में लगी थी विकासखंड सिराथू की 4 एम्बुलेंस के साथ बिकास खण्ड कड़ा की-6 एम्बुलेंस झुलसे लोगों को जिला अस्पताल और प्रयागराज पहुचाने में लगी थी इसके अलावा भी विकासखंड मंझनपुर की 13 एम्बुलेंस और बिकास खण्ड मूरतगंज की -5 एम्बुलेंस के साथ बिकास खण्ड चायल की 8 एम्बुलेंस विस्फोट के बाद झुलसे लोगों को जिला अस्पताल पहुचाने में लगी थी गंभीर रूप से झुलसे कई लोगों को प्रयागराज रेफर कर दिया गया है और घटना स्थल पर आठ लोगों के सही सलामत शव मिले है और चार लोगों के शव लोथड़े में तब्दील हो गए है 12 लोगो के शव को एम्बुलेंस से पोस्टमार्टम हाउस पहुँचाया गया है।

## विस्फोट घटना : घटनास्थल पर जनप्रतिनिधियों का लगा रहा जमावड़ा



**भरवारी कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी खल्ला बाद के पास अमहा ग्राम में रविवार को पटाखे की फैक्ट्री में एक के बाद एक कई तेज विस्फोट के बाद दर्जनों लोगों की मौत और दो दर्जन लोगों के घायल होने की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों का भी पहुंचना शुरू हो गया सूचना मिलते ही विस्फोट स्थल पर पूर्व सांसद कौशाम्बी शैलेंद्र कुमार पूर्व विधायक संजय गुप्ता पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कैलाश केसरवानी सांसद विनोद सोनकर शीतला प्रसाद पटेल सहित विभिन्न राजनीतिक दल के तमाम नेता और जनप्रतिनिधि घटना स्थल पर पहुंचे हैं पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार ने मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन घायलों का जल्द से जल्द इलाज कराये और मृतकों के परिजनों के लिए उचित मुआवजे की रकम मृतक के परिजनों को सरकार दे उन्होंने मृतक के परिजनों को मदद का हर संभव भरोसा दिलाया है

## जनरेटर की चिंगारी से पटाखा फैक्ट्री में हुआ बिस्कोट

**कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के पास रविवार को पटाखा फैक्ट्री में तेज विस्फोट के बाद एक दर्जन लोगों की मौत और 22 लोगों के गंभीर रूप से झूलस जाने के मामले के पीछे बड़ी लापरवाही सामने आई है बताया जाता है कि पटाखा फैक्ट्री में जनरेटर का प्रयोग किया जाता था और जनरेटर से तेज चिंगारी निकलने के बाद फैक्ट्री के पटाखे में जाकर चिंगारी गिरी जिससे फैक्ट्री में तेज विस्फोट शुरू हो गया पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होते हैं मजदूर इधर-उधर भागने लगे लेकिन फैक्ट्री से बाहर कोई मजदूर नहीं निकल सका देखते-देखते पटाखा फैक्ट्री में एक के बाद एक विस्फोट होने लगे जिससे यह हादसा हुआ है बताया जाता है कि इस घटना में 12 लोगों की मौत हो गयी है 22 लोग गंभीर रूप से घायल है।

## सरकारी जमीन से नौ लोगों को कागज में बेदखल कर-के ड्रामेबाजी कर रहा है चायल तहसील प्रशासन

**चायल कौशाम्बी।** सरकारी जमीनों में कब्जे और उन जमीनों से बेदखल करने के मामले में तहसील प्रशासन पूरी तरह से उदासीन बना हुआ है बंदोबस्त के आधार पर 193 नंबर चारागाह की जमीनों पर लोगों को द्वारा कब्जा किया गया था जिसकी शिकायत लोगों ने डीएम कौशांबी से की थी इसके बाद धारा 67 की कार्रवाई की गई और बेदखली का आदेश हुआ लेकिन 6 महीने बीत जाने के बाद बेदखली आदेश का पालन तहसील प्रशासन नहीं कर सका है सरकारी जमीन पर एक भूमाफिया की भी नजर है और लोगों ने मकान बनाकर कब्जा कर काबिज है जिससे तहसील की कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। चायल तहसील के मखऊपुर के मजरा पिपरी में धारा 67 की कार्यवाही के बाद उसका पालन करने को तहसीलदार चायल भूल गए चारागाह की भूमि पर 9 लोगों ने कब्जा किया था जिसको खाली करने के लिए ग्रामीणों ने डीएम से शिकायत की थी जांच रिपोर्ट आख्या के नाम पर लंबे समय तक मामले को लंबित रक्खा गया उसके बाद 11/07/2023 को 9 लोगों के खिलाफ सरकारी जमीन से बेदखल करने की कार्यवाही तहसील अधिकारियों ने कागज में की लेकिन तहसील प्रशासन चारागाह की जमीन को मौके से खाली कराना मुनासिब नहीं समझ रहा है जहां योगी सरकार ने ऐसी जमीनों को चिन्हित कर खाली कराने का आदेश दिया था वही सरकारी जमीन से कब्जा धारकों को बेदखल करने के लिए तहसील प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। बता दें कि ग्राम सभा मखऊपुर के मजरा पिपरी में ग्राम सभा बनाम सुरेश पुत्र दुर्गा प्रसाद, बुआ दीन पुत्र सहदेव, राम मगन पुत्र परसादी, शत्रुघ्न पुत्र छेदीलाल आदि लोगों द्वारा किये गये चारागाह की जमीन को किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए मुकदमे की सुनाई के बाद जमीन खाली करने का निर्देश दिया लेकिन यह आदेश तहसील के पत्रावली में रह गया है जमीनी सतह पर अधिकारियों के आदेश का पालन कई महीने बाद नहीं हो सका है जिससे अधिकारियों की लचर व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## मोदी की गारंटी है जन जन का होगा चिटफंड जमा धन का भुगतान : अयोध्या प्रसाद राय



**नेवादा कौशाम्बी** पूरे भारत में केंद्र सरकार ने चिटफंड कंपनियों को पैसा जमा करने का लाइसेंस तो दे दिया था लेकिन फिर वही केंद्र सरकार ने लाइसेंस को रद्द करते हुए निवेशक व एजेन्ट को बीच राह पर भटकने को मजबूर कर दिया था लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजन के न्याय को लेकर नया कानून पारित किया जिससे जनता की गाढ़ी कमाई का जमाधन चिटफंड कंपनियों में जमा है उसे वापस दिलाने के लिए पूरी तरह से कमर कस ली है और मोदी की गारंटी के आधार पर 2019 में बनाए गए अधिनियम पाबंदी जमा योजना के तहत बट्स एक्ट 2019 कानून बनाया गया है और इसी बट्स एक्ट के तहत जनता की गाढ़ी कमाई का भुगतान होना सुनिश्चित किया गया है। ठगी पीड़ित जमा करता परिवार संगठन के जिला अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद राय ने पाता रोड वशिष्ठ बालिका इंटर कॉलेज मंझनपुर के पास लोगों को एकत्रित कर जानकारी दिया उन्होंने कहा मोदी की गारंटी है जन-जन का भुगतान होना है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जयकारे के साथ नारा लगाकर लोगों को बताया कि अब घबराने की बात नहीं है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठगी पीड़ितों का एक एक रुपये का भुगतान चिट फंड कंपनी के मालिकों से कराया जाएगा इस कार्यक्रम मे संगठन के जिला उपाध्यक्ष प्रिजेश प्रताप सिंह,डा गनेश प्रसाद, चन्द्रशेखर विश्वकर्मा, पन्नालाल केशरवानी, रामबाबू केशरवानी,मानसिंह पाल, कुराल सिंह, लालबहादुर आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क चौड़ीकरण में जमीन जाने के बाद महिला की जमीन पर पड़ोसी दबंग कर रहे हैं कब्जा



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत भड़ेसर के आस्था विहार कॉलोनी में 4 वर्षो पूर्व सुषमा देवी ने दीपक पांडेय से प्लाट खरीदा था इस प्लांट पर पूर्व में दिनेश शुक्ला और आशीष शुक्ला द्वारा बाउंड्री का निर्माण कराया था सुषमा देवी ने अपनी जमीन पर बनी बाउंड्री पर कब्जा प्राप्त किया और कुछ निर्माण भी कराया था सुषमा देवी के बगल में सत्यवर पांडेय आदि ने भी जमीन खरीदा था लेकिन उसके बाद मंझनपुर से घना के पुरवा की सड़क का चौड़ीकरण हुआ जिसमें जमीन का अन्य हिस्सा सड़क चौडीकरण में चला गया सुषमा देवी की जमीन के बगल में सत्यवर पांडे सहित कई लोगो ने भी जमीन खरीदा था सत्यवर पांडेय सहित कई लोगो की जमीन सड़क चौड़ीकरण में चली जाने के बाद सरकार से मुआवजा लेने के बजाय सत्यवर पाण्डेय ने सुषमा देवी की जमीन की बाउंड्री को तोड़ दिया है और सुषमा देवी की जमीन पर पिलर का निर्माण शुरू कर दिया है जब इस बात की जानकारी सुषमा देवी के पति मनोज कुमार शुक्ला को हुई तो उन्होंने जमीन कब्जा करने से रोका मौके पर उप निरीक्षक भी पहुंचे जांच पड़ताल कर उन्होंने सत्यवर को जमीन कब्जा करने से रोका तत्काल मौके पर कब्जा रोक दिया गया लेकिन बाद में तमाम ड्रामा बाजी और बहने के बाद फिर कब्जा शुरू कर दिया गया सुषमा देवी की जमीन पर जबरिया कब्जे का यह मामला ठंडा नहीं हुआ और सत्यवर पाण्डेय लगातार जमीन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं सुषमा देवी और उनके पति ने मामले की शिकायत थाना तहसील से लेकर अन्य अधिकारियों से भी की लेकिन किसी प्रकार का ठोस निस्तारण नहीं हो सका जिस पर सुषमा देवी के पति मनोज कुमार शुक्ला 2 दिन पूर्व जिला अधिकारी से मिले और उन्होंने जबरिया जमीन कब्जा करने की बात कहते हुए अवैध कब्जा करने वाले लोगों पर रोक लगाने की मांग की है मनोज कुमार शुक्ला की बात सुनने के बाद जिला अधिकारी ने उप जिला अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि तत्काल जांच कर ले और अवैध कब्जा ना हो।

## हत्या का प्रयास करने वाले 03 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**कौशांबी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार बर्मा त्रिपाठी मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0स0 22/24 धारा 323/324/308/504/34 भादवि 3(2)5क3(1) एससी एसटी/ एक्ट से संबंधित 03 वांछित अभियुक्तों 1. सुनील पुत्र चैतू उर्फ विनोद कुमार निषाद 2. सनी पुत्र रामहित निषाद 3. उमेश पुत्र गणेश निषाद निज निवास गण सैदपुर मजरा दुगार्पुर थाना पिपरी जनपद कौशांबी को सैदपुर घाट के पास से गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशांबी जनपद में चलाए जा रहे यातायात से संबंधित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थनाओं व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध साधन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान दोपहिया/ चार पहिया वाहनों को चेक किया गया यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले 44 वाहनों का ई चालान किया गया

### वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

कौशांबी जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस उप निरीक्षक शिवनाथ सिंह यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0स0 45/24 धारा 363/366भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया

### वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

कौशांबी थाना महेवा घाट पुलिस उप निरीक्षक जयपाल सिंह मय हमराह पुलिस बल मु0अ0स0 46/11 धारा 323/504/506 भादवी से संबंधित वारंटी अभियुक्त रामलाल पुत्र लुसरु निवासी सरसवा थाना महेवा घाट जनपद कौशांबी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

## जिला भू-गर्भ जल प्रबन्धन समिति की बैठक सम्पन्न

**कौशाम्बी।** बैठक में भू-गर्भ वैज्ञानिक अर्चना सिंह ने बताया कि उ.प्र. भू-गर्भ जल (प्रबन्धन और विनियमन) अधिनियम-2019 का मुख्य उद्देश्य-प्रदेश में भूजल संसाधनों की सुरक्षा, संरक्षण, प्रबन्धन एवं नियमन इस प्रकार किया जाय कि भूजल की उपलब्धता समान रूप से निरन्तर बनी रहें और जनमानस को गुणवत्तापरक जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सकें। उन्होंने बताया कि अधिनियम में निहित शक्तियाॅ एवं कार्य-अतिदोहित एवं क्रिटिकल विकास खण्डों तथा संकटग्रस्त शहरी क्षेत्रों को अधिसूचित क्षेत्र घोषित करना। भूगर्भ जल के व्यवसायिक, औद्योगिक, अव संरचनात्मक, सामूहिक, घरेलू एवं कृषि उपभोगताओं को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करना तथा निजी क्षेत्र की ड्रिलिंग एजेन्सियों का पंजीकरण अनिवार्य। एक्ट के प्राविधानों के उल्लंघन के फलस्वरूप दण्ड का प्राविधान किया गया है। पोर्टल के माध्यम से विद्यमान वाणिज्यिक, औद्योगिक, अवसंरचनात्मक, सामूहिक उपयोक्ता, घरेलू और कृषि सम्बन्धी कूप (बोरिंग) एवं ड्रिलिंग एजेन्सी के पंजीकरण/अनापत्ति प्रमाण-पत्र के आवेदन प्राप्त किये जाते हैं। पोर्टल के माध्यम से विद्यमान वाणिज्यिक, औद्योगिक, अवसंरचनात्मक, सामूहिक उपयोक्ता, को सी०जी०डब्लू०ए० से पूर्व निर्गत एन०ओ०सी० के नवीनीकरण के आवेदनों पर कार्यवाही की जाती हैं। प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण के लिए कार्यालय स्तर पर परीक्षण करते हुए अप्राप्त अभिलेख उपलब्ध कराने के लिए आनलाईन माध्यम से आपत्ति दर्ज की जाती है। ट्यूबवेल के पंजीकरण, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, पूर्व निर्गत एन०ओ०सी० के नवीनीकरण से सम्बन्धित आवेदनों का जिला भूगर्भ जल परिषद द्वारा निर्मित टास्क फोर्स द्वारा स्थल सत्यापन किये जाने के उपरान्त आवेदनों पर अन्तिम कार्यवाही पूर्ण की जाती है। यदि निर्धारित अवधि के अन्दर आवेदनकर्ता द्वारा आपत्ति का निवारण नहीं किया जाता है तो जिला भूगर्भ जल परिषद की प्रस्तावित अग्रिम बैठक में आवेदन निरस्त करने की संस्तुति कर दी जाती हैं। पूर्ण अभिलेखों सहित प्राप्त आवेदनों को स्वीकृत करने की संस्तुति की जाती है। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के अन्तर्गत अपराध एवं दण्ड का प्राविधान किया गया है यथा-प्रथम अपराध के लिए रु0-02 लाख से 05 लाख अर्थदण्ड अथवा 06 माह से 01 वर्ष का कारावास अथवा दोनों। भू-जल प्रदूषण के लिए दोषी पाये जाने की स्थिति में प्रथम अपराध के लिए 02 वर्ष से 03 वर्ष का कारावास एवं रू०-05 लाख से रू0-10 लाख अर्थदण्ड। भू-जल प्रदूषण के लिए अपराध की पुनरावृत्ति पर 05 वर्ष से 07 वर्ष का कारावास तथा रू0-10 लाख से रू० 20 लाख का अर्थदण्ड। किसी भी भूजल आपूर्तिकर्ता (राज्य सरकार की पेयजल योजनाओं के अतिरिक्त) द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले भू-जल के गुणवत्ता के भादण्ड पूर्ण न करने की स्थिति में न्यूनतम रु0-02 लाख एवं अधिकतम रु०-05 लाख का अर्थदण्ड तथा अपराध की पुनरावृत्ति पर प्राधिकार पत्र निरस्त करते हुए इस दण्ड को दुगना किये जाने का प्राविधान है। बैठक में आवेदनकर्ता याशाद गौतम द्वारा निजी नलकूप की बोरिंग के लिए किये गये आवेदन के प्रकरण पर विचार-विमर्श कर समिति द्वारा सशर्त अनापत्ति प्रमाण-पत्र दिये जाने का निर्णय लिया गया।

## संपादक की कलम से

# पहले धरती को बचाएं

जिस प्रकार हमने रसायनों का अंधाधुंध इस्तेमाल करके अपने भोजन को पोषण-विहीन बना दिया है, ठीक उसी प्रकार आधुनिक और सुविधाजनक जीवनशैली के लिए पर्यावरण को प्रदूषित कर दिया है। हम नादानों की तरह जंगलों की कटाई कर रहे हैं। बेशकीमती पानी को सहेजने की जगह उसका अंधाधुंध दोहन करने में लगे हुए हैं। पहाड़ों को भी हमने नहीं छोड़ा है जो कि हमारे रक्षा कवच हैं। शहर-दर-शहर पहाडि?ों को छलनी कर दिया है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने वाला भारत जब तकनीक में इतना संपन्न है तो धरती पर यह तकनीक काम क्यों नहीं करती? पिछली गर्मी में बारिश के कारण किसानों की फसलें खराब हो गई थीं, जबकि मानसून में कहीं सूखे के कारण तो कहीं अधिक वर्षा के कारण किसानों की फसलों को बहुत नुकसान हुआ। ऐसे में किसानों के इस नुकसान का पूवार्नुमान लगाने वाली कोई तकनीक अभी तक हमारे पास क्यों नहीं है? जलवायु परिवर्तन ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। आने वाले सालों में यह और भी खतरनाक हो सकता है। अभी हमारे देश के कुछ राज्य सूखे का सामना कर रहे हैं तो कई राज्यों को अधिक वर्षा के कारण बाढ़ और भू-स्खलन की घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन का असर सिर्फ भारत में ही हो रहा है। पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन का असर हो रहा है जिसके कारण दुनियाभर के लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं।

गौरतलब है कि जलवायु परिवर्तन से किसानों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ेगा, खासकर उन किसानों को जिनके पास खेती के अलावा और कोई आजीविका नहीं है। मतलब छोटे और मध्यम किसानों पर इसका सीधा प्रभाव पड़ेगा, जिसके कारण न सिर्फ इनके परिवार संकट में आएंगे, बल्कि खेती-किसानी से जुड़े सभी लोग प्रभावित होंगे और खाद्यान्न संकट पैदा होगा सो अलग। जलवायु परिवर्तन के कारण किसानों की फसलें खराब हो रही हैं जिससे खाद्य सामग्रियों के दाम अप्रत्याशित रूप से बढ़ रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन की समस्या से निजात पाने में हर व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। चूंकि इस समस्या के उत्पन्न होने में हर व्यक्ति का हाथ है, इसलिए इसके समाधान में भी हर व्यक्ति को भागीदार होना होगा। जिस प्रकार से हमने पर्यावरण को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, ठीक वैसे ही हम सबको पर्यावरण को ठीक करने के लिए कमर कस लेना चाहिए।

यदि अभी भी आप इस समस्या को हल्के में लेना चाहते हैं तो भविष्य में आने वाले खतरों का सामना करने के लिए तैयार रहें। महंगाई से मुकाबला करने के लिए तैयार रहें, खाद्यान्न संकट के लिए तैयार रहें, जल संकट के लिए तैयार रहें, सूखे के लिए तैयार रहें, बाढ़ के लिए तैयार रहें, भीषण गर्मी के लिए तैयार रहें, भू-स्खलन के लिए तैयार रहें, नई-नई बीमारियों के लिए तैयार रहें।

दूसरा विकल्प यह है कि आप अपनी जीवन-शैली में परिवर्तन करें और प्रकृति को नुकसान पहुंचाने वाली आदतें त्यागें। विकास का जो बेढंगा मॉडल अभी दुनिया भर में चल रहा है, उस पर पुनर्विचार करें। जंगलों और पहाड़ों पर मानवीय हस्तक्षेप की रोकथाम करें। प्रकृति का चीरहरण बंद करें अन्यथा प्रकृति की व्यवस्था में देर तो है, परंतु अंधेर बिलकुल भी नहीं है। पूरी दुनिया तभी तक बची हुई है जब तक प्रकृति का धैर्य है, जिस दिन यह धैर्य टूटा कि प्रकृति का तांडव देखने को मिलेगा।

ऐसा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन का संकट सिर्फ एक दिन में खड़ा हो गया है और एक दिन में इसका हल निकल जाएगा। यह धीरे-धीरे होने वाली एक घटना है और इसका समाधान भी धीरे-धीरे ही होगा। वैसे तो देश-विदेश की सारी समस्याओं की चर्चा आमजन कर ही लेते हैं, परंतु जलवायु परिवर्तन पर चर्चा करने के लिए किसी के पास समय नहीं है, बल्कि कहना चाहिए कि जलवायु परिवर्तन की समस्या को आमजन कोई समस्या ही नहीं मानते। इसीलिए यह समस्या इतनी विकराल हो गई है।

जैसे भोजन की गुणवत्ता पर किसी का ध्यान नहीं है, वैसे ही जलवायु परिवर्तन पर भी किसी का ध्यान नहीं है। 'हरित क्रांति' के बाद हमारे देश में रसायन आधारित खेती के कारण शुद्ध और पोषणयुक्त भोजन का अभाव हो गया है। हमारा देश ही नहीं, अपितु विश्वभर के लोग रसायनयुक्त भोजन करने पर मजबूर हैं। जिस भोजन से जीवन चलना है उस पर किसी का ध्यान ही नहीं कि उसे किस विधि से उत्पादित किया जा रहा है या उसको उपजाने में कितने जहरीले रसायनों का इस्तेमाल हो रहा है। इसी कारण विभिन्न बीमारियों का जन्म हो रहा है।

जिस प्रकार हमने रसायनों का अंधाधुंध इस्तेमाल करके अपने भोजन को पोषण-विहीन बना दिया है, ठीक उसी प्रकार आधुनिक और सुविधाजनक जीवनशैली के लिए पर्यावरण को प्रदूषित कर दिया है। हम नादानों की तरह जंगलों की कटाई कर रहे हैं। बेशकीमती पानी को सहेजने की जगह उसका अंधाधुंध दोहन करने में लगे हुए हैं। पहाड़ों को भी हमने नहीं छोड़ा है जो कि हमारे रक्षा कवच हैं। शहर-दर-शहर पहाड़ियों को छलनी कर दिया है।

# भारत राष्ट्र के क्रांतिनायक वीर सावरकर



वीर सावरकर जीवन भर अखंड भारत के पक्षधर रहे। 13 दिसंबर 1937 को नागपुर की एक जनसभा में उन्होंने अलग पाकिस्तान के लिए चल रहे प्रयासों को असफल करने की प्रेरणा दी और 15 अगस्त 1947 को भारतीय तिरंगा का ध्वजारोहण करते हुए कहा कि मुझे स्वराज प्राप्ति की खुशी है, किंतु वह खंडित है, इसका दुख है। उन्होंने कहा कि राज्य की सीमाएं, नदी तथा पहाड़ों या संधिपत्रों से निर्धारित नहीं होती, वे देश के नवयुवकों के शौर्य, धैर्य, त्याग एवं पराक्रम से निर्धारित होती है। वीर सावरकर ऐसे प्रथम राजनीतिक बंदी थे जिन्हें विदेशी भूमि (फ्रांस) पर बंदी बनाने के कारण हेग के अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में मामला पहुंचा। दुनिया के वे ऐसे पहले कवि थे जिन्होंने अंडमान के कठोर कारावास में जेल की दीवारों पर कील और कोयले से राष्ट्रवादी कविताएं लिखी। ब्रिटिश सरकार ने वीर सावरकर को क्रांति कार्यों के लिए दो-दो आजन्म कारावास की सजा दी, जो विश्व के इतिहास की पहली एवं अनोखी सजा थी। वे विश्व के पहले ऐसे लेखक थे जिनकी कृति ह्यद इंडियन वॉर आफॅ इंडिपेंडेस-1857ह्ण दो-दो देशों ने प्रकाशन से पहले ही प्रतिबंधित कर दिया।

गौरतलब है कि जून 1908 में उनकी पुस्तक तैयार हो गयी किंतु मुद्रण की समस्या आ गयी। इसके लिए लंदन से लेकर पेरिस और जर्मनी तक प्रयास किए किंतु सभी प्रयास असफल रहे। बाद में यह पुस्तक किसी प्रकार गुप्त रुप से हालैंड से प्रकाशित हुई और इसकी प्रतियां फ्रांस पहुंचायी गयी। सावरकर पहले स्नातक थे जिनकी स्नातक की उपाधि को स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने के कारण ब्रिटिश हुकूमत ने वापस ले लिया।

वीर सावरकर पहले ऐसे भारतीय विद्यार्थी थे जिन्होंने इंग्लैंड के राजा के प्रति वफादारी की शपथ लेने से मना किया। नतीजा उनके वकालत करने पर रोक लगा दी गयी। वीर सावरकर ने राष्ट्रध्वज तिरंगे के बीच में धर्म चक्र लगाने का सर्वप्रथम सुझाव दिया जिसे डा0 राजेंद्र प्रसाद ने स्वीकार किया। उन्होंने ही सबसे पहले पूर्ण स्वतंत्रता को भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का लक्ष्य घोषित किया। 10 मई, 1907 को उन्होंने इंडिया हाउस लंदन में प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की स्वर्ण जयंती मनाई। इस अवसर पर उन्होंने अपने ओजस्वी भाषण में प्रमाणों सहित 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को गदर नहीं, अपितु भारत के स्वातंत्र्य का प्रथम संग्राम सिद्ध किया।

वीर सावरकर भारत ही नहीं बल्कि विश्व भर के क्रांतिकारियों में अद्वितीय थे। उनका नाम ही भारतीय क्रांतिकारियों के लिए संदेश था। उनकी पुस्तकें क्रांतिकारियों के लिए गीता समान थी। लंदन में रहते हुए उनकी मुलाकात क्रांतिकारी लाला हरदयाल से हुई जो उन दिनों इंडिया हाउस की देखरेख करते थे। 1 जुलाई, 1909 को मदनलाल ढ़ीगरा द्वारा विलियम हट कर्जन वायली को गोली मार दिए जाने के बाद उन्होंने लंदन टाइम्स में एक लेख भी लिखा जो क्रांतिकारिता से परिपूर्ण था। 13 मई 1910 को पेरिस से लंदन पहुंचने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया परंतु 8 जुलाई 1910 को एसएस मोरिया नामक जहाज से भारत ले जाते



समय सीवर होल के रास्ते निकल लिए। 24 दिसंबर 1910 को उन्हें आजीवन कारावास की सजा दी गयी। इसके बाद 31 जनवरी 1911 को इन्हें दोबारा आजीवन कारावास दिया गया। 1921 में मुक्त होने पर वह स्वदेश लौटे और फिर तीन साल जेल काटी। जेल में ही उन्होंने हिंदुत्व पर शोध ग्रंथ लिखा। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वे 1937 में अखिल भारतीय हिंदू महासभा के कर्णावती में हुए 19 वें सत्र के अध्यक्ष चुने गए। 15 अप्रैल 1938 को उन्हें मराठी साहित्य सम्मेलन का अध्यक्ष चुना गया। 22 जून 1941 को उनकी मुलाकात सुभाषचंद्र बोस से हुई। 9 अक्टुबर 1942 को भारत की स्वतंत्रता के निवेदन सहित उन्होंने चर्चिल को तार भेजकर सूचित किया। दुर्भाग्य पूर्ण की आजादी के बाद भी कांग्रेस उनसे नफरत करती रही और नेहरु सरकार ने 5 फरवरी 1948 को उन्हें प्रिवेन्टिव डिटेन्शन एक्ट धारा के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया। 4 अप्रैल 1950 को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री लियाकत अली खान के भारत आगमन की पूर्व संध्या पर भी बेलगाम की जेल में उन्हें रोककर रखा गया। जुझारु तेवर और मातृभूमि के प्रति असीम श्रद्धा के कारण ही उन्हें वीर सावरकर कहा गया। नासिक जिले के कलेक्टर जैकसन की हत्या के लिए नासिक षड़यंत्र कांड के अंतरर्गत उन्हें 7 अप्रैल 1911 को काला पानी की सजा पर सेलुलर जेल भेजा गया। उन्हें यहां कोल्हू में बैल की तरह जुत कर सरसों तथा नारियल आदि का तेल निकालना होता था। रुकने पर उनको कड़ी सजा व बेंत व कोड़ों से पिटायी की जाती थी। इतने पर भी उन्हें भरपेट खाना नहीं दिया जाता था। वे 4 जुलाई 1911 से 21 मई 1921 तक पोर्ट ब्लेयर की जेल में रहे और भारत माता की आजादी का सपना देखते रहे। कुल मिलाकर वीर सावरकर 5585 दिन प्रत्यक्ष कारागार में और 4865 दिन नजरबंदी में रहे। दोनों को जोड़ दें तो वे 10410 दिन यानी 28 वर्ष 200 दिन तक जेल में रहे। वीर सावरकर स्वतंत्रता संग्राम के दौरान खिलाफत आंदोलन का विरोध किया और इसके घातक परिणामों की चेतावनी दी। इससे इंकार नहीं किया जा सकता कि खिलाफत आंदोलन से ही पाकिस्तान नामक विष वृक्ष की नींव पड़ी। आइए हम बताते हैं कि कांग्रेस समेत तथाकथित सेक्यूलर वीर सावरकर और उनकी विचारधारा का विरोध क्यों करते हैं। दरअसल सावरकर ने 1946 के अंतरिम चुनावों के दौरान देश के जनमानस को आगाह किया कि वह कांग्रेस को वोट न दे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को वोट देने का अर्थ है भारत विभाजन। सावरकर सच साबित हुए। कांग्रेस का सावरकर से नफरत का एक अन्य कारण यह भी है कि उन्होंने हिंदू राष्ट्र की उस विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम किया जो सदियों से वसुधैव कुटुम्बकम की हिमायती है। कांग्रेस को इस बात से भी चिढ़ है कि वीर सावरकर ने हिंदू राष्ट्र के विजय के इतिहास को प्रमाणिक ढंग से लिपिबद्ध क्यों किया? याद होगा तीन वर्ष पूर्व 2019 में जब महाराष्ट्र चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र में स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर को भारत रत्न देने का वादा किया गया तब कांग्रेसी नेता दिग्विजय सिंह समेत कई लोगों ने सावरकर को महात्मा गांधी की हत्या का साजिशकर्ता करार दिया। गत वर्ष पहले सावरकर के शहीदी दिवस के दिन कांग्रेस पार्टी ने ट्वीट के जरिए जारी एक तस्वीर में स्वंतत्रता सेनानी वीर सावरकर को गद्दार बताकर उनकी राष्ट्रभक्ति का अपमान किया। तब कांग्रेस ने जारी तस्वीर के हवाले उन्हें गद्दार बताते हुए 1913 में अंडमान स्थित सेल्यूलर जेल से उनकी एक तथाकथित चिट्ठी का भी जिक्र किया था जिसमें उन्होंने ब्रिटिश सरकार से रिहाई की मांग की थी।

बेहतर होता कि कांग्रेस वीर सावरकर की शहादत को लांक्षित करने के बजाए उनका इतिहासपरक मूल्यांकन करती। कांग्रेस का ऐसा अपमानजनक आचरण तब है जब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा वीर सावरकर के सम्मान में डाक टिकट जारी किया जा चुका है। उचित होगा कि कांग्रेस वामपंथी इतिहासकारों की सांप्रदायिक लेखनी और जुगाली पर भरोसा के बजाए ह्यद इंडियन वॉर आफॅ इंडिपेंडेस-1857ह्ण जो कि खुद सावरकर द्वारा लिखित है, से उनके विचारों और खोजपूर्ण इतिहास का अध्ययन करती। कांग्रेस को याद रखना चाहिए कि जिस 1857 की क्रांति को वह सिपाही विद्रोह या अधिकतम भारतीय विद्रोह करार दी और अधिकांश वामपंथी इतिहासकारों ने उसे ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध विद्रोह माना उस क्रांति को वीर सावरकर ने प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम कहा। अच्छी बात है कि देश की मौजूदा सरकार वीर सावरकर के प्रति कृतज्ञ है और उनके विचारों को देश के समक्ष लाने के लिए कृतसंकल्प है।

**अरविंद जयतिलक**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# लोकतंत्र में जानने का अधिकार

**विनीत नारायण**

किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र में मतदाता और नेता के बीच यदि विश्वास ही न हो तो वो रिश्ता ज्यादा लम्बा नहीं चलता। लोकतंत्र में हर एक चुना हुआ जनप्रतिनिधि अपने मतदाता के प्रति जवाबदेही के लिए बाध्य होता है। यदि मतदाता को लगे कि उससे कुछ छुपाया जा रहा है तो वो ठगा सा महसूस करता है। लोकतंत्र या जनतंत्र का सीधा मतलब ही यह होता है कि जनता की मजी से चुने गये सांसद या विधायक उनकी

आवाज उठाएँगे और उनके ही हक में सरकार चलाएँगे। यदि मतदाताओं को ही अंधेरे में रखा जाएगा तो दल चाहे कोई भी हो दोबारा सत्ता में नहीं आ सकता। परंतु पिछले सप्ताह देश की शीर्ष अदालत ने एक ऐसा फैसला सुनाया जिसने देश के करोड़ों मतदाताओं के बीच उम्मीद की किरण जगा दी। इलेक्टोरल बॉंड्स के जरिये राजनैतिक दलों को दिये जाने वाले चुनावी चंदे को लेकर देश भर में एक भ्रम सा फैला हुआ था। जिस तरह इन बॉंड्स के जरिये दिये जाने वाले चुनावी चंदे की जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा रही थी उसे लेकर भी जनता के मन में काफी संदेह था। जिस तरह से विपक्षी नेता सत्तापक्ष

पर आरोप लगा रहे थे कि कुछ औद्योगिक घराने सत्तारूढ़ दल को भारी मात्रा में ह्यचुनावी चंदाह्ण दे रहे थे वो असल में चुनावी चंदा नहीं बल्कि सरकार द्वारा अपने हक में नीतियाँ बनवाने की रिश्वत है। विपक्ष का ऐसा कहना इसलिए सही नहीं है क्योंकि कोई भी दल सत्ता में क्यों न हो बड़े औद्योगिक घराने हमेशा से यही करते आए हैं कि वे सरकार से अच्छे संबंध बना कर रखते हैं। वो अलग बात है कि इन बड़े घरानों द्वारा दिये गये राजनैतिक चंदे की पोल कभी न कभी खुल ही जाती थी। परंतु देश की सर्वोच्च अदालत ने इलेक्टोरल बॉंड्स की जानकारी को साझा न करने के निर्णय को गलत ठहराया और इलेक्टोरल बॉंड्स को रद्द कर दिया। इतना ही नहीं आनेवाले तीन हफ़्तों में चुनाव आयोग को यह निर्देश भी दे डाले कि इलेक्टोरल बॉंड्स द्वारा दिये गये चंदे की पूरी जानकारी को सार्वजनिक किया जाए। विपक्षी दलों, वकीलों, बुद्धिजीवियों और राजनैतिक पंडितों द्वारा इस फैसले का भरपूर स्वागत किया जा रहा है। यहाँ हम किसी भी एक विशेष राजनैतिक दल की बात नहीं करेंगे। बड़े औद्योगिक घराने हर उस दल को वित्तीय सहयोग देते आए हैं जो कि सरकार बनाने के काबिल होता है। परंतु सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका के अनुसार यदि यह चुनावी चंदा था तो क्या सभी पार्टियों ने इसे चुनाव के लिए ही इस्तेमाल किया? क्या चुनाव आयोग के तय नियमों के अनुसार बड़े राजनैतिक दलों के प्रत्याशी लोक सभा चुनाव में 95 लाख से अधिक राशि खर्च नहीं करते? क्या ह्यइलेक्टोरल बॉंड्सह्ण को जारी करते समय काले धन की रोकथाम के किए गए दावे के अनुसार चुनावों में नकद राशि खर्च नहीं हुई? अब जब सुप्रीम कोर्ट का आदेश हुआ है तो वो सभी राजनैतिक दल जिन्हें इलेक्टोरल बॉंड्स के जरिये सहयोग राशि मिली थी।

उन्हें इसकी आमदनी और खर्च का हिसाब भी सार्वजनिक करना पड़ेगा। वहीं दूसरी ओर जिन-जिन औद्योगिक घरानों ने सत्तापक्ष के अलावा विपक्षी दलों को भी चुनावी चंदा

दिया है।

# मंदिरों की आमदनी पर टैक्स क्यों नहीं ?

@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com


कर्नाटक में मंदिरों की आमदनी पर टैक्स लगाने का एक विधेयक राज्य विधानसभा में पारित नहीं हो पाया। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है इसलिए भाजपा ने इस विधेयक की मुखालफत की। विधेयक का नाम 'हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक' था विपक्ष इस बिल का विरोध करता आ रहा है। भाजपा और जेडीएस का आरोप है कि सरकार मंदिरों पर टैक्स लगाकर अपने खाली खजाने को भरना चाहती है। वहीं, कांग्रेस सरकार का दावा है कि 2011 में भाजपा सरकार भी ऐसा ही विधेयक लेकर आई थी।

असल सवाल ये है कि मंदिरों की आमदनी पर टैक्स क्यों नहीं लगना चाहिए ? जब मंदिरों को अकूत आमदनी होती है तो उस पर टैक्स लगाया जाना गैर कानूनी कैसे हो सकता है। इसे अधार्मिक मानने वालों के पास भी कोई तर्क नहीं है। वे केवल धर्मांध होकर अपना विरोध जताने में लग जाते हैं। हमारे देश में मंदिरों की आमदनी इतनी है कि कोई अच्छा-खासा कारखाना भी उनके सामने नहीं टिक सकता, लेकिन इस आमदनी पर मंदिरों से टैक्स वसूलने की बात की जाये तो बवंडर खड़ा हो जाता है। मंदिर नया हो या पुराना इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हाल ही में अयोध्या में बनाये गए राम मंदिर की आमदनी ने भी नए कीर्तिमान बना लिए हैं।

अयोध्या में भाजपा के राम मंदिर उद्घाटन के बाद एक महीने में 25 किलोग्राम सोने और चांदी के आभूषण सहित लगभग 25 करोड़ रुपये का दान मिला है। राम मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने बताया कि 25 करोड़ रुपये की राशि में चेक, ड्राफ्ट और मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय में जमा की गई नकदी के साथ-साथ दान पेटियों में जमा राशि भी शामिल है। उन्होंने बताया कि हालांकि हमें ट्रस्ट के बैंक खातों में ऑनलाइन माध्यम से भेजे गए धन के बारे में जानकारी नहीं है। 23 जनवरी से अब तक लगभग 60 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। राम भक्तों की भक्ति ऐसी है कि वे रामलला के लिए चांदी और सोने से बनी वस्तुएं दान कर रहे हैं, जिनका उपयोग श्री राम जन्मभूमि मंदिर में नहीं किया जा सकता है। इसके बावजूद, भक्तों की भक्ति को देखते हुए राम मंदिर ट्रस्ट सोने और चांदी से बनी सामग्री,आभूषण, बर्तन और दान स्वीकार कर रहा है।

कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम, 1997 है, जिसमें संशोधन के लिए यह विधेयक लाया गया। विधेयक के जरिए अधिनियम की धारा 17 में संशोधनकिया जाना था । इस कानून की धारा 17 में फंड के लिए एक सामान्य पूल बनाने का प्रावधान है। कर्नाटक सरकार के अनुसार, 2011 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने कानून में संशोधन किया था। इस बदलाव के जरिए सामान्य पूल फंड का उपयोग करके कम आय







वाले मंदिरों की मदद करने के लिए अधिक आय के मंदिरों से धन इकट्ठा करने में सक्षम बनाया गया। बता दें कि कम आय वाले मंदिरों को 'सी' श्रेणी जबकि अधिक आय वाले को 'ए' श्रेणी में रखा गया है। सरकार के अनुसार, 2011 के संशोधन के जरिए पांच लाख रुपये से 10 लाख रुपये के बीच वार्षिक आय वाले मंदिरों को अपनी शुद्ध आय का पांच फीसदी हिस्सा देना होता है। वहीं ऐसे मंदिर जिनकी वार्षिक आय 10 लाख रुपये से ज्यादा है तो उसे 10 फीसदी हिस्सेदारी देनी होती है।

सवाल ये है जब मंदिरों की सम्पत्ति और स्वामित्व के विवादों में भगवान को अदालतों में पक्षकार बनाया जाता है तो उनकी आमदनी को कर मुक्त करने की बात क्यों की जाती है ? वैसे तो आस्थाओं के सामने कोई तर्क टिकता नहीं किन्तु हकीकत ये है कि मंदिरों को बिना हाथ-पांव चलाये जितनी आमदनी होती है उसका इस्तेमाल भगवान कम उनके आसपास रहने वाले लोग ज्यादा करते है। मंदिरों की आमदनी का उपयोग काम दुरूपयोग ज्यादा होता है वो भी धर्म की आड़ में।

भारत में मंदिरों की आमदनी अविश्वसनीय है। भारत का सबसे अमीर मंदिर पद्मनाभस्वामी मंदिर है। जो केरल के प्रसिद्ध शहर तिरुवनंतपुरम में स्थित है। यह न सिर्फ भारत बल्कि विश्व का सबसे अमीर टेम्पल माना जाता है। लोग अनुमान लगाते है कि पद्मनाभस्वामी टेम्पल में 1 खरब डॉलर की संपत्ति मौजूद है। तिरुपति के बालाजी मंदिर को हर साल लगभग 600 करोड़ रुपये दान के रूप में देते हैं। वर्ष 2010 में तिरुमाला तिरुपति मंदिर ने भारतीय स्टेट बैंक के पास ब्याज के लिए 1175 किलो सोना जमा था।

शिरडी, में साईंबाबा मंदिर के बैंक खाते में 380 किलो सोना, 4,428 किलो चांदी और डॉलर और पाउंड जैसी विदेशी मुद्राओं के रूप में बड़ी मात्रा में धन के साथ-साथ लगभग 1,800 करोड़ रुपये हैं। 2017 में रामनवमी के अवसर पर एक अज्ञात भक्त द्वारा 12 किलो सोना दान किया गया था। साथ ही, हर साल लगभग 350 करोड़ का दान आता है।वैष्णो देवी मंदिर को हर साल ?500 की वार्षिक आय होती है।मुंबई में सिद्धिविनायक मंदिर सालाना लगभग 125 करोड़ कमाता है। करोड़ों कमाने वाले मंदिरों की लम्बी फेहरिस्त है। देश में छोटे-बड़े पांच लाख से अधिक मंदिर हैं। लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जिनमने भगवान के भोग-प्रसाद और पुजारी का वेतन लायक तक पैसा नहीं आता।

मंदिरों को होने वाली आमदनी में से कुछ मंदिरों के न्यास समाज सेवा के नाम पर कुछ अस्पताल,शैक्षणिक संसथान भी चलते हैं लेकिन अधिकाँश का खर्च भोजन-भंडारों और मंदिरों के रख-रखाव के नाम पर ही होता है। अब तो डबल इंजिन की सरकारें इन मंदिरों पर मेहरबान है। वे अपने खजाने खाली कर प्राचीन मंदिरों को पर्यटक स्थल बनाने में लगी हैं ,ताकि वहां से बाद में सरकार को भी आमदनी हो सके। उत्तर प्रदेश सरकार का सपना ही अयोध्या के राम मंदिर के जरिये पर्यटकों की जेब से सलाना 25 हजार करोड़ निकलवाने का है। मंदिरों को परोक्ष कारोबारी संसथान बनाने वाली भाजपा शायद इसीलिए मंदिरों की आमदनी पर करारोपण का विरोध करती है।

मंदिरों पर टैक्स लगाने से जन भावनाएं कैसे आहत होतीं हैं ,मै नहीं जानता ,दूसरे धर्मों के पूजाघरों में भी यदि इस तरह की आय होती है तो उसे कराधान के दायरे में लिए जाना चाहिए ,लेकिन ऐसा होता नहीं है। सरकारें वोट के लालच में ऐसा करना नहीं चाहती। वे मध्यमवर्ग के लोगों की जेब से जबरन टैक्स काट लेतीं है किन्तु मंदिरों की आमदनी पर हाथ डालने से कतरातीं हैं। यदि मंदिरों में बैठे भगवान के विग्रह अदालतों में पक्षकार बन सकते हैं तो उन्हें कर देने में क्या आपत्ति हो सकती है ? यदि होती है तो ये छल है, क्योंकि उनकी आमदनी तो एकदम श्वेत नहीं है। श्याम भी है। लेने वाले तो भगवान हैं लेकिन देने वाले अंतर्ध्यान है।

मंदिरों में महंगे और बड़े दान देने वाले यदि छंटे जाएँ तो वे ही सबसे बड़े कर अपवंचक निकलेंगे। मंदिरों में मंहगा चढ़ावा चढाने वाले शृद्धा से नहीं बल्कि रिश्वत के रूप में ये चढ़ावा देते है। मेरे एक परिचित दवा व्यवसायी अपनी आमदनी का दस प्रतिशत नियमित रूप से एक मंदिर में दान करते हैं लेकिन कर अपवंचन में उन्हें कभी कोई लज्जा नहीं आती। ऐसे करचोर भक्तों की संख्या बहुत है। इनके लिए मंदिरों में विशिष्ट और अति विशिष्ट सुविधाएं भी उपलब्ध रहतीं हैं। मुझे कभी-कभी लगता है की मंदिरों की आय को कर मुक्त रखने की मांग करने वाले भी ऐसे ही लोग और संगठन होते हैं। सरकार को कर देने से कोई मंदिर या मंदिर के गर्भगृह में बैठे भगवान निर्धन नहीं हो सकते। मंदिरों की आय से यदि चुटकी भर टैक्स सरकारों को मिल जाएगा तो इसे भगवत कृपा ही माना जाना चाहिए न की धर्मविरोधी कृत्य। लेकिन ऐसा हो नहीं सकता।

# गुरु नानक की दरियादिली

**- देवेन्द्र सत्यार्थी**

गुरु नानक को कौन नहीं जानता! नानक के दिल में सबके लिए दर्द था। वह चाहते थे कि सब लोग मिलकर भाई-भाई की तरह रहें, एक-दूसरे को प्यार करें और एक दूसरे को दुःख दर्द में हाथ बटावें।

यह तब सम्भव हो सकता था जब लोग सादगी और परिश्रम का जीवन बिताएं, कोई किसी को छोटा या बड़ा न समझे और दुनियादारी से ऊपर रहें। गुरु नानक के जीवन में ये सब गुण भरपूर थे।

एक बार वह किसी सभा में बहुत देर तक बोले। उसके बाद उन्हें प्यास लगी तो उन्होंने कहा, 'शुद्ध जल लाओं।'

एक पैसे वाला भक्त चांदी के गिलास में पानी ले आया। गिलास लेते समय नानक की निगाह उसके हाथ पर गई। बड़ा कोमल हाथ था। नानक ने उसका कारण पूछा तो वह बोला, 'महाराज, बात यह है कि मैं अपने हाथ से कोई काम नहीं करता। घर में नौकर-चाकर सारा काम करते है।'

नानक ने गंभीर होकर कहा, 'जिस हाथ पर कड़ी मेहनत से एकाध चक्का नही पड़ा, वह हाथ शुद्ध कैसे हो सकता है? मैं तुम्हारे इस हाथ का पानी नहीं ले सकता।'

इतना कहकर नानक ने पानी का गिलास लौटा दिया

गुरु नानक घूमते रहते थे। एक मर्तबा घूमते हुए वह एक गांव में ठहरे। वहां के लोगों ने उनकी खूब खातिर की, सब तरह का आराम पहुंचाया। जब वह वहां से चलने लगे तो तो गांव वालों को आशीर्वाद देते हुए उन्होने कहा, 'यह गांव उजड़ जाय।'

गांव वाले यह आशीर्वाद सुनकर हैरान रह गये। सोचने लगे, क्या उनकी सेवा में कोई कसर रह गई? लेकिन उन्होंने कहा कुछ नहीं।

गांव के कुछ लोग उनके साथ हो गये।

नानक दूसरे गांव में पहुंचे, वहां रुके, लेकिन वहां के लोगों ने उनकी और ध्यान नहीं दिया। उनकी खातिरदारी तो दूर खाने-पीने के लिए भी नहीं पूछा। वहां से विदा होते समय नानक ने आशीर्वाद देते हुए कहा, 'यह गांव आबाद रहे।'

पीछे के गांव के लोगों से अब नहीं रहा गया। उन्होने कहा, 'गुरूजी, यह क्या बात है? जिन्होने आप की खूब सेवा की, आपको अच्छी तरह रक्खा, उन्हें आपने उजड़ जाने का आशीर्वाद दिया और जिन्होंने आपको पूछा तक नहीं, उन्हें बस जाने का आशीर्वाद दिया!

नानक ने जवब दिया, 'जहां हमारी खूब मेहमाननवाजी हुई, वह गाँव फूलो की बस्ती है। मैंने कहा, वह उजड़ जाए तो इसका मतलब था कि वहां के लोग बिखर जायं। वे जहां जाएंगे, अपने साथ अपनी मोहब्बत की, अपनी सेवा की, महक ले जायंगें; लेकिन जिस गांव के लोगों ने हमारी पूछताछ नहीं की, वहां कांटों का ढेर था। हमने कहा, वह बस जांय, तो उसका मतलब था कि कांटे एक ही जगह रहें। फैल कर लोगों को दुखी न करें।'

बचपन से ही नानक साधु-संतो के साथ रहना पसंद करते थे। अपने गांव तलवंड़ी से कुछ दूर जंगल में घूमते थे। एक बार उनके पिता ने काम-धंधा करने के लिए उन्हें कुछ रुपये दिये। संयोग से नानक को कुछ साधु मिल गये। ये साधु कई दिन से भूखे थे।

नानक के पास जो कुछ था, खाने-पीने पर खर्च कर दिया। सोचा, भूखो को भोजन कराने से बढ़कर ज्यादा फायदे की बात भला और क्या हो सकती है। यह यह सौदा ही सच्चा सौदा है।'

ऐसे ही एक दिन वह कुंए से नहाकर लौट रहे थे तो एक साधु मिला। बड़ी बुरी हालत में था। नानक का दिल भर आया। उन्होने अपने पास का सबकुछ उसे दे डाला। फिर आगे बढ़े तो अचानक उनकी निगाह अपनी अंगूठी पर पड़ी। वह साधु के पीछे दौड़े और अंगूठी भी उसे दे आये। बाद में नानक ने घर बार छोड़ दिया और दूर-दूर तक की यात्राएं करने लगे। बगदाद होकर वह काबुल गये। वहां बाबर उन्हें बुलाया और उनके आगे शराब का प्याला रख दिया। नानक ने कहा, 'हमने तो ऐसी शराब पी रक्खी है, जिसका नशा कभी उतरता ही नहीं है। वह शराब हमारे किस काम की, जिसका नशा कुछ देर बाद उतर जाये!'

गुरू नानक के पास प्यार का अनंत भंडार था। वे सबको प्यार देते थे और इस बात की चिंता नहीं करते थे कि उनके साथ कोई कैसे बर्ताव करता है।

# मन की बात विचारों के प्रवाह का है सशक्त माध्यमः आलोक पाण्डेय

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाजपा ने 11 मंडलों के 124 शक्ति केंद्रों के 851 बूथों पर मन की बात सुनी। मन की बात में अलग-अलग स्थानों पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, जिला संयोजक मन की बात के आलोक पाण्डेय, सह संयोजक अखिलेश रैकवार, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी सहभागी रहे।


मन की बात सुनते भाजपाई।

रविवार को जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने मन की बात के बाद कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए कहा कि 18 साल आयु पूरी कर चुके हर युवा वोटर से शत-प्रतिशत मतदान का आग्रह करना है। लाभार्थियों से संवाद कर जागरूकता लानी है। वोटरों को जागरूक कर जातिवादी, वंशवादी राजनीति को समाप्त करना है। वोट बैंक तुष्टीकरण की राजनीति खत्म करना है। सांसद आरके सिंह पटेल ने जनसंवाद कर कहा कि जनता के सपनों को भाजपा डबल इंजन सरकारें पूरा कर रही हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि गांव-गांव जाकर भाजपा की जीत का दायरा बढाना है। चन्द्रिका उपाध्याय ने कहा कि हर बूथ में भाजपा का जनाधार बढा है। पंकज अग्रवाल ने कहा कि सबको जनसंवाद कर सक्रिय प्रयास करना होगा। आलोक पाण्डेय ने चर्चा में कहा कि मन की बात विचारों के प्रवाह का सशक्त माध्यम है। मन की बात से देशभर मे चल रहे सकारात्मक प्रयास जन-जन तक पहुंचते हैं। मन की बात जन जागरण का आन्दोलन है। इस मौके पर सुशील द्विवेदी, तीरथ तिवारी, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, रवि गुप्ता, राघव अग्रवाल, विकास पाण्डेय, रमाकांत पाण्डेय, ओमप्रकाश मिश्र, विनोद पाण्डेय, शक्ति सिह, सच्चिदानंद गर्ग, अंजू वर्मा, रामसागर चतुर्वेदी, रामेन्द्र गौतम के साथ अलग-अलग स्थानों पर जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता सहभागी हुए।

## पुलिस ने दबोचे विशेष अभियान में छह वारंटी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वारंटी/वांछित की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने छह वारंटी दबोचे हैं। रविवार को सरधुवा थाने के दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय ने सिपाही धर्मेन्द्र कुमार के साथ मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी के वारंटी रामकली पुत्र राजबहादुर यादव दरसेड़ा को गिरफ्तार किया। चैकी सीतापुर के दरोगा उमाशंकर यादव ने सिपाही अतुल परिहार व अरविन्द कुमार मौर्य के साथ मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी के वारंटी रामसोतन केवट पुत्र नत्थूलाल डिलौरा को गिरफ्तार किया। बरगढ थाने के दरोगा रामआधार सिंह ने सिपाही रोहित सिंह के साथ बलबा आदि के वारंटी श्रीकान्त पाठक पुत्र रामअभिलाष पाठक कोलमजरा को गिरफ्तार किया। चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी ने सिपाही नरेन्द्र कुमार के साथ विद्युत अधिनियम के वारंटी रामसुमेर पुत्र चुन्ना पथरौड़ी को गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा कन्हैया बक्श सिंह ने हादसे के वारंटी रंगबाज उर्फ वीरेन्द्र पुत्र भेडेलाल रुपौली को गिरफ्तार किया।

# तरांव में संत रविदास की धूमधाम से मनी जयंती

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के तरांव गांव में संत रविदास की जयंती समारोह की अध्यक्षता बाबा धनी प्रकाश ने की। बतौर मुख्य अतिथि रविदास अखाडा के महंत चुनबाद प्रकाश आदि ने संत रविदास की जीवनी पर रोशनी डाली।

रविवार को संत शिरोमणि कवि रविदास का जन्म माघ पूर्णिमा को 1376 ई में उप्र के वाराणसी में गोबर्धनपुर गांव में हुआ था। माता का नाम कर्मा देवी (कलसा) व पिता का नाम संतोख दास (रग्घु) था। दादा का नाम कालूराम, दादी का नाम श्रीमती लखपती, पत्नी का नाम श्रीमती लोनाजी व पुत्र का नाम विजय दास है। रविदास चर्मकार कुल से होने से वे जूते बनाते थे। ऐसा करने में उन्हें खुशी मिलती थी, वे पूरी लगन से कार्य करते थे। उनका जन्म ऐसे समय में हुआ, जब उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में मुगलों का शासन था। चारों ओर अत्याचार, गरीबी, भ्रष्टाचार व अशिक्षा थी। मुस्लिम शासकों के प्रयास थे कि अधिकांश हिन्दुओं को मुस्लिम बनाया जाए। संत रविदास की ख्याति बढ़ती देखकर मुस्लिम सदना पीर मुसलमान बनाने आया। रविदास मुसलमान बन जाते तो लाखों भक्त भी मुस्लिम हो जायेंगे। ये सोचकर हर प्रकार से दबाव बनाया था। संत रविदास संत थे। उन्हें किसी हिन्दू या मुस्लिम से नहीं, मानवता से मतलब था। कहते हैं कि स्वामी रामानंदाचार्य वैष्णव भक्तिधारा के संत हैं। संत रविदास उनके शिष्य थे। संत रविदास तो संत कबीर के समकालीन व गुरूभाई माने जाते हैं। स्वयं कबीरदास ने संतन में रविदास कहकर मान्यता दी है। संत रविदास जयंती समारोह का आयोजन प्रधान स्नेहलता बौद्ध ने किया। जयंती में बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा एड, सत्यहरण यादव, गया प्रसाद बौद्ध, डॉ ज्ञानचंद बौद्ध, अजीत रंगीला, सोनपाल वर्मा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## विस्तारित क्षेत्रों में विकास को प्रतिबद्ध हैं अध्यक्ष

अखंड भारत संदेश


भूमि पूजन करते पालिका अध्यक्ष।

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद कर्वी के अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने विस्तारित क्षेत्र तीर्थराजपुरी वार्ड 11 में 85 मीटर सडक व नाली निर्माण को विधिवत भूमि पूजन किया। रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने विस्तारित क्षेत्र तीर्थराजपुरी वार्ड 11 में 85 मीटर सडक व नाली निर्माण को भूमि पूजन कर कहा कि नगर पालिका विस्तारित क्षेत्रों में लगातार कार्य करा रही है। उनके प्रयास हैं कि विस्तारित क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य कराये जायें, ताकि विस्तारित क्षेत्रों के लोगों को सुख-सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि विस्तारित क्षेत्रों में हाल में बलदाऊगंज में नाला निर्माण को भूमि पूजन किया है। प्रयास हैं कि नगर पालिका क्षेत्र के विस्तारित क्षेत्रों में पेयजल, सडक, नाली व पानी निकासी की बेहतरीन सुविधा मिल सके, ताकि लोगों को एहसास हो कि नगर पालिका में रहना ज्यादा लाभदायी है। इस मौके पर अवर अभियंता संतोष सिंह राठौर, वार्ड मेम्बर ब्रजेंद्र शुक्ला, विनीत पयासी, शुभम केशरवानी आदि मौजूद रहे।

## मठदर भैरम बाबा तक बनायें सड़क-बिजली

अखंड भारत संदेश


मठदर जाने का ऊबड-खाबड रास्ता।

**चित्रकूट।** पाठा क्षेत्र के मडैयन में आस्था के केंद्र मठदर के भैरम बाबा की उपेक्षा से श्रद्धालु आहत हैं। यहां सड़क-बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। वैसे तो यहां वर्ष पर्यन्त भंडारे होते रहते हैं। भादों माह में दर्जनों गांवों के हजारों लोगों का जमावड़ा लगता है। बुंदेली सेना ने सूबे के मुख्यमंत्री से मठदर में बुनियादी सुविधाओं की मांग की है। रविवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मठदर के नजदीक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा की थी। मुख्यमंत्री की जनसभा से करीब ग्राम पंचायत ने आदर्श तालाब बनवाया है। मुख्य सड़क से तालाब को इंटरलाकिंग मार्ग बना है। नजदीक ही मठदर की सड़क अधूरी पड़ी है। वन विभाग क्षेत्र में आने वाली ये सड़क मुख्य मार्ग से तीन किमी लम्बी है। यहां ऊबड़- खाबड़, पथरीले रास्ते से होकर श्रद्धालु मठदर जाने को मजबूर हैं। आस्था के बड़े केंद्र में पाठा क्षेत्र की छह ग्राम पंचायतों के दर्जनों गांव के लोग पहुंचते हैं। सोनेपुर, कर्वी माफी, कोल गदहिया के ग्रामीण व कर्वी नगर के व्यापारी यहां साल भर में एकबार भंडारा करने व प्रसाद चढ़ाने जाते हैं। यहां पेयजल की विकट समस्या थी। कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने सोलर पम्प लगवाकर श्रद्धालुओं को राहत दी है। सड़क और बिजली की समस्या दूर हो जाये तो मठदर में बुनियादी सुविधायें हो जायेंगी। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में समस्या निराकरण की मांग की गई है।

## पीएम के संदेश पर परिक्रमा मार्ग में हो रही सफाई


सफाई करते समिति के लोग।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** स्वच्छ तीर्थ क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन के तहत कामतानाथ परिक्रमा में रामायण दर्शन के सामने कामदगिरि स्वच्छता समिति ने 105वां स्वच्छता अभियान चलाया।

रविवार को अभियान में ईओ लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य है कि शहर का कोना-कोना स्वच्छ हो। स्वच्छता देश का सौंदर्य है और हमारा कर्तव्य भी है। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता संदेश में कहा है कि हफ्ते में दो घंटे स्वच्छता को समय देना चाहिए। कामदगिरि स्वच्छता समिति का गठन जिलाधिकारी की प्रेरणा से कामतानाथ परिक्रमा में स्वच्छता को लेकर हुआ था। गठन के बाद से आज तक परिक्रमा के अंदर से हजारों टन कचरा बाहर निकाला है। ये 105वां अभियान है। केसरवानी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा अभियान है कि कामतानाथ परिक्रमा की स्वच्छता को लेकर प्रयास जारी हैं। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि स्वच्छता को लेकर सभी को गंभीर होना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी का सपना रहा है कि भारत स्वच्छ-सुंदर हो। इसे लेकर स्वच्छ भारत मिशन लगातार स्वच्छता को लेकर गंभीर है। इस मौके पर कृष्णा शुक्ला, अंकुर केसरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी, वीरेंद्र कुमार, पप्पू, विनय, दिनेश, राजेश आदि ने सहयोग किया।

# पीएम मोदी की अगुवाई में देश बनेगा आत्मनिर्भरः आरके सिंह पटेल

### बलदाऊगंज बूथ पर सांसद ने भाजपाइयों समेत सुनी मन की बात

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जिले के सभी बूथों पर पीएम मोदी के 110वें मन की बात सुनी। सांसद आरके सिंह पटेल ने बलदाऊगंज स्थित बूथ पर नगर पालिका सभासद विनीत पयासी व शुभम गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश मिश्रा, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, राजकुमार त्रिपाठी समेत तमाम भाजपाइयों की मौजूदगी में पीएम मोदी को सुना।


भाजपाइयों को सम्मानित करते सांसद।

रविवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि महिला आरक्षण बिल समेत महिला सशक्तिकरण की दिशा में केंद्र सरकार ने कई फैसले लिये। केन्द्र सरकार की नीतियों के चलते देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें देश की नारी पीछे रह गई हो। एक और क्षेत्र, जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया है, वो है- प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण, स्वच्छता। भारत की नारी-शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयां छू रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश में आधारभूत ढांचा विकास मजबूत हुआ है। रेल-सडक तंत्र की मजबूती पूरे देश में विकास का आधार बन रही है। देश में स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, कृषि, सडक, बिजली, पानी, किसान कल्याण, रक्षा क्षेत्र, महिला सशक्तिकरण समेत अन्य क्षेत्रों में सुधार हुआ है।

उन्होंने कहा कि लोगों की केंद्र सरकार की नीतियों व योजनाओं में पूरी आस्था है। 2047 तक भारत आत्मनिर्भर होगा और विश्व गुरु बनेगा। भारत विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था है। सरकार ने धारा 370 को हटाया, सबका सहयोग रहा। भाजपा को हर पोलिंग बूथ पर 370 वोट ज्यादा मिलेंगे। फिर से तीसरी बार भाजपा 370 और एनडीए 400 सीटों के साथ पीएम मोदी की अगुवाई में सरकार बनाएगी। पीएम मोदी ने चुनाव आयोग से शुरु मेरा पहला वोट-देश के लिए में बढ़-चढकर भागीदारी निभाने का आवाहन किया है। सांसद ने बताया कि पीएम मोदी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव तक मन की बात स्थगित रहेगा। हम अगली बार मिलेंगे तो 111वां एपिसोड होगा, ये शुभ नंबर है। पीएम मोदी ने कहा कि तीन मार्च को विश्व वन्य जीव दिवस है। इस दिन वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने की गरज से मनाया जाता है। कुछ वर्षों में भाजपा सरकार के प्रयासों से देश में बाघों की संख्या बढ़ी है। पीएम ने कहा कि युवा उद्यमी भी वन्य जीव को नए-नए इनोवेशन कर रहे हैं। एक युवा ने ऐसा ड्रोन तैयार किया है कि नदी में घड़ियालों पर नजर रखने में मदद मिल रही है।

## रुझानों में पहली पसन्द के दावे हैं फर्जी?

### भाजपा से टिकट पाने की जुगत

**चित्रकूट।** भाजपा से टिकट पाने की जुगत में कुछ भाजपा नेता पहली पसन्द होने के रुझान के सर्वे बार-बार सोशल मीडिया में प्रसारित कर रहे हैं। ऐसे भाजपा नेता खुद को विभिन्न विधानसभा सीटों पर रुझानों में अव्वल होने का दावा करते दिख रहे हैं। रविवार को रुझानों में कुछ भाजपा नेताओं ने अव्वल होने का दावा किया। ये दावा फर्जी प्रतीत हो रहा है। रुझानों का दावा करने वाले चैनल भी स्थानीय नहीं हैं। ये चैनल बिकाऊ से प्रतीत हो रहे हैं। भाजपा नेता रुझानों में खुद को अव्वल दिखाकर क्या साबित करना चाहते हैं। रुझानों में खुद को आगे दिखाकर उनकी भाजपा से बांदा-चित्रकूट लोकसभा से टिकट हासिल करने की जुगत नहीं तो और क्या है। जबकि ऐसे भाजपा नेता को कम ही लोग लोकसभा क्षेत्र में जानते हैं। उनकी पहचान बालू माफिया के बतौर मानी जा रही है। वे ऐसे नेता हैं, जो कल तक किसी और की पनाहों में रहते रहे हैं। अब वे रुझानों में खुद को अव्वल दिखाकर विभिन्न विधानसभा सीटों में अपनी पहली पसन्द होने का दावा कर रहे हैं। ऐसे दावे फर्जी प्रतीत हो रहे हैं।

# कांग्रेसी जितायें गठबंधन प्रत्याशीः कोआर्डिनेटर

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में कांग्रेस नेत्री रंजना बराती लाल पांडे के आवास पर लोकसभा चुनाव को नवनियुक्त कोऑर्डिनेटर रामबहादुर त्रिपाठी ने पदाधिकारियों की बैठक में कहा कि सभी को मजबूती से गठबंधन प्रत्याशी को लोकसभा में जिताना है। सभी ब्लॉक अध्यक्ष अपने-अपने ब्लॉकों व न्याय पंचायतों में बैठक कर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत कर गठबंधन प्रत्याशी को जितायें।


बैठक में बोलते कोआर्डिनेटर।

रविवार को बैठक में कोआर्डिनेटर रामबहादुर त्रिपाठी ने कहा कि ये चुनाव संविधान व लोकतंत्र को बचाने को सभी को एकजुट होकर गठबंधन को जिताकर नेता राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना है। इन दिनों अन्याय के खिलाफ भारत जोड़ो न्याय यात्रा से तानाशाही सरकार के खिलाफ सड़कों पर नेता राहुल गांधी संघर्ष कर रहे हैं। सभी को उनके हाथों को मजबूत करने को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को लोकसभा पहुंचाना है।

बैठक में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि जिले के कार्यकर्ता गठबंधन प्रत्याशी को जिताने में रात-दिन एक कर देंगे। बैठक में पीसीसी सदस्य पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस रंजना बराती लाल पांडे, शिव गुलाम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राकेश वर्मा, महेंद्र सिंह, कालीचरण राजपूत, विजयमणि त्रिपाठी, यमुना शुक्ला, चुनबाद प्रसाद, कामता प्रसाद द्विवेदी, देव कुमार त्रिपाठी, जगजाहिर पटेल, शिवशंकर खंगार, इंद्रजीत उपाध्याय, महेंद्र, सुभाष साहू, फूलचंद कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# प्रधान ने अपने खाते में डाली मजदूरी की धनराशि

### डीएम कार्यालय से प्रधान को नोटिस जारी

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के भौंरी गांव के विकास कार्यों के नाम पर प्रधान-सचिव की मिलीभगत से सरकारी धन का बंदरबांट हो रहा है। सरकारी मानकों की अनदेखी कर निर्माण कार्य हो रहे हैं। ठेकेदार की कमीशनखोरी से जिम्मेदार अधिकारी जांच में लीपापोती कर रहे हैं। प्रधान ने मजदूरी के लाखों रुपये अपने खाते में डालकर धांधली की है। जिलाधिकारी ने प्रधान को 95(1)(छ) की नोटिस जारी की है।

रविवार को भौंरी गांव के प्रधान को नोटिस जारी करने का खुलासा हुआ। बताया गया कि डीपीआरओ के पत्र 2547 31.10.2023 व अनुस्मारक 2784 23.11.2023 बाबत निम्न आरोपी बाबत नोटिस जारी कर जवाब-तलब पेश करने के निर्देश दिये हैं। भौंरी में ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के परीक्षण में मिला कि 2022-23 में वेंडर सत्यभामा एजेंसी बैंक खाता संख्या इंडियन बैंक 7053676384 में रुपए 0789889.00 एवं वर्ष 2023-24 में रुपए 0127992.00 कुल 917881.00 रूपए प्रधान ने मजदूरी की धनराशि मजदूरों के खाते में न डालकर खुद के खाते में डालकर निकाल लिए हैं। डीपीआरओ ने पत्र संख्या 46 तारीख 6.04.2023 में साफतौर पर निर्देश दिये हैं कि ग्राम पंचायत विकास कार्यों में मजदूरों के खाते में ही धनराशि डाली जाये। प्रधानों ने अपने खाते में मजदूरी भुगतान कर बंदरबांट किया है। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्यालय जिलाधिकारी के पत्रांक 2913 दिनांक 7.12.2023 को प्रधान भौंरी श्रीमती सत्यभामा को उप्र पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 95(1)(छ) के तहत नोटिस जारी की गई है। 22 दिन के अंदर जवाब देने के निर्देश हैं। भौंरी में विकास कार्यों में प्रधान व सचिव की मिलीभगत से ठेकेदारों ने जमकर धांधली की है। मानकविहीन कार्य कराकर सरकारी धन का बंदरबांट किया है। भौंरी में विकास कार्यों व प्रधान के अपने खाते में मजदूरी की धनराशि डालने की जांच कब होगी।

# सैकड़ों निरंकारी भक्तों ने रामभरोसा बांध में की सफाई

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** प्रोजेक्ट अमृत के तहत स्वच्छ जल स्वच्छ मन परियोजना के दूसरे चरण में रामभरोसा बांध में सफाई अभियान मिशन में सैकड़ो सेवादारों व श्रद्धालुओं ने मुखी आनंद राज श्रीवास्तव व सेवादल प्रभारी संदीप साहू की अगुवाई में सौ भाई-बहनों ने सफाई कार्य में हिस्सा लिया। ये कार्य सवेरे आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक चला।


बांध में सफाई करते निरंकारी भक्त।

रविवार को प्रोजेक्ट अमृत के तहत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना के दूसरे चरण में सदगुरु माता सुदीक्षा महाराज व निरंकारी राजपिता रमित के सानिध्य में दिल्ली में यमुना छठ घाट आईटीओ से शुरु हुआ। संत निरंकारी मिशन के सचिव/समाज कल्याण प्रभारी जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि स्वच्छ जल, स्वच्छ मन के आदर्श वाक्य से प्रेरणा लेते हुए ये परियोजना समूचे भारत के 15 सौ से अधिक स्थानों के नौ सौ शहरों के 27 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के साथ की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य जल निकायों को संरक्षित करने के विकल्पों के प्रति जनमानस में जागृति लाना है, ताकि आगामी पीढियों को स्वस्थ भविष्य दिया जा सके। बाबा हरदेव सिंह महाराज की प्रेरणा का अनुसरण करते हुए संत निरंकारी मिशन ने स्वच्छता अभियान में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत 2023 में शुरु किया था। इस परियोजना के तहत भारत के विभिन्न स्थानों के समुद्री तटों, नदियों, झीलों, तालाबों, कुओ, झरनों आदि जल निकायों की स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित किया। उन स्थानों की सफाई की गई। संत निरंकारी मिशन सामाजिक एवं कल्याणकारी गतिविधियों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही है। वृक्षरोपण, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, वन, पर्यावरण मुद्दों पर जागरूकता ला रही है। ये जानकारी संत निरंकारी मिशन मानिकपुर के मीडिया प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव ने दी है।

## परिषदीय शिक्षकों को परीक्षा ड्यूटी का कौन खा गये पैसाः अखिलेश


जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने सवाल उठाया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा मे प्रतिवर्ष सैकडों बेसिक शिक्षकों की ड्यूटी परीक्षा कराने को लगाई जाती है। परीक्षा ड्यूटी को शिक्षा बोर्ड से भेजा जा रहा पारिश्रमिक परिषदीय शिक्षकों को न देकर बंदरबांट कर लिया जाता है।रविवार को उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय पाण्डेय ने कहा कि बीते वर्षों में बोर्ड परीक्षा ड्यूटी कर चुके शिक्षकों ने बताया कि वर्ष 2022-23 बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी करने का निर्धारित पारिश्रमिक आज तक नहीं मिला। उन्होंने सवाल उठाया कि परिषदीय शिक्षकों को बोर्ड परीक्षा ड्यूटी का पारिश्रमिक क्यों नहीं दिया जा रहा। परिषदीय शिक्षकों के हक पर डाका डालकर प्रतिवर्ष लाखों रुपये भ्रष्टाचार कौन कर रहा है। किसकी शह पर हो रहा है। परिषदीय शिक्षकों के साथ होने वाले भ्रष्टाचार की शिकायत मुख्यमंत्री व माध्यमिक शिक्षा मंत्री से की जायेगी। शिक्षकों को परीक्षा ड्यूटी का पारिश्रमिक नहीं मिला तो भविष्य में माध्यमिक शिक्षा परिषद से होने वाली परीक्षा का बहिष्कार किया जायेगा।

# 13 के कब्जे से 181 क्वार्टर, 50 लीटर महुआ शराब बरामद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने 13 लोगों के कब्जे से 181 क्वार्टर देशी शराब व पचास लीटर महुआ शराब बरामद की है। रविवार को चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी ने सिपाही श्यामू कुमार, नरेन्द्र कुमार, दीपप्रताप के साथ रामहित पुत्र नर्वद निवासी मछरिहा के कब्जे से 25 देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। बहिलपुरवा थाने के सिपाही मोनू राय ने पीआरडी लल्लूराम के साथ चुन्नीलाल पुत्र रामसिया निवासी मडैयन के कब्जे से 17 देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। भरतकूप थाने के दरोगा पवन कुमार त्रिपाठी ने सिपाही सतीश यादव के साथ दयाशंकर गुप्ता पुत्र संतोष निवासी गोंडा के कब्जे से 20 देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा कन्हैया बक्श सिंह ने दरोगा कृष्णदेव मिश्रा व दरोगा मुकेश सिंह परिहार के साथ रमेशचन्द्र पुत्र सूर्यपाल निवासी भदेउरा के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा इमरान खान ने दरोगा कृष्णदेव मिश्रा के साथ रिंकू कोटार्य पुत्र धांधू निवासी नांदिन कुर्मियान के कब्जे से 21 देशी पाउच शराब समेत गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा प्रभाकर उपाध्याय ने सिपाही राहुल यादव के साथ अर्जुन पुत्र स्वामी प्रसाद निवासी नादिन कुर्मियान के कब्जे से 20 देशी क्वार्टर शराब समेत गिरफ्तार किया।

रैपुरा थाने के दरोगा संजय सिंह ने सिपाही धरेन्द्र सिंह व महिला सिपाही दीक्षा यादव के साथ माता प्रसाद यादव पुत्र रामप्रताप निवासी पवारी के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के दरोगा मातादीन ने सिपाही जयनारायण पटेरिया के साथ चुन्नू पुत्र स्व रामसेवक आरख निवासी कादरगंज हाल मुकाम भौटी जिला बांदा के कब्जे से 20 देशी क्वार्टर शराब समेत गिरफ्तार किया। मानिकपुर थाने के दरोगा रामेश्वर प्रसाद ने सिपाही दीपेश कुमार के साथ अनिल पुत्र नारायणदास निवासी इन्द्रानगर के कब्जे से पांच लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। मानिकपुर थाने के निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव ने सिपाही अजीजुद्दीन के साथ कृष्ण कुमार वर्मा पुत्र छेदीलाल निवासी पथरौड़ा थाना जवा जिला रीवा मप्र के कब्जे से 18 देशी पाउच शराब समेत गिरफ्तार किया। बरगढ थाने के दरोगा रामआधार यादव ने सिपाही गोलू भार्गव व रंजीत यादव के साथ रामकैलाश कोल पुत्र थनई कोल निवासी किटहाई को 20 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। बरगढ थाने के दरोगा राजेश कुमार यादव ने सिपाही रोहित सिंह के साथ मोहब्बत पुत्र कैलाश बंसल निवासी विनोबा नगर के कब्जे से 20 देशी क्वार्टर शराब समेत गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा इमरान खान ने दरोगा कृष्णदेव मिश्रा के साथ प्रभुदयाल पुत्र सुग्रीव निवासी नांदिन कुर्मियान के कब्जे से 20 पाउच देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

## दोस्ती-16 से भारत-मालदीव और श्रीलंका के बीच बढ़ेगा सहयोग: मौमून माले

**इंटरनेशनल डेस्क.** मालदीव, भारत और श्रीलंका के तटरक्षक कर्मियों के बीच सहयोग और पारस्परिकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद गासन मौमून ने कहा कि त्रिपक्षीय अभ्यास दोस्ती तीनों देशों को सहयोग के माध्यम से समुद्री सुरक्षा चिंताओं के समाधान के लिए एकजुट करेगा। मौमून द्विवार्षिक अभ्यास दोस्ती के 16वें संस्करण का औपचारिक उद्घाटन करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।यह अभ्यास बृहस्पतिवार को शुरू हुआ और रविवार तक जारी रहेगा।



भारतीय तटरक्षक पोत 'समर्थ और 'अभिनव के साथ-साथ श्रीलंकाई नौसेना का पोत 'समुदुरा दोस्ती-16 में शामिल हैं जबकि बांग्लादेश पर्यवेक्षक के रूप में भाग ले रहा है। श्रीलंका ने दोस्ती को एक त्रिपक्षीय अभ्यास के रूप में वर्णित किया है जिसका उद्देश्य भारत, मालदीव और श्रीलंका के तटरक्षक कर्मियों के बीच सहयोग बढ़ाना, दोस्ती को मजबूत करना और पारस्परिक परिचालन क्षमता में सुधार करना है। मौमून ने कहा कि त्रिपक्षीय अभ्यास दोस्ती तीनों देशों को सहयोग के माध्यम से समुद्री सुरक्षा चिंताओं के समाधान के लिए एकजुट करेगा।

## रूस-यूक्रेन संघर्ष के दो वर्ष पूरे होने पर बोले PM सुनक- पुतिन अवैध आक्रमण खिलाफ मुक्त दुनिया एकजुट



**लंदन.** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने रूस-यूक्रेन संघर्ष के दो वर्ष पूरे होने पर शनिवार को यूक्रेन का समर्थन करने का ब्रिटेन का दृढ़ संकल्प दोहराया। सुनक ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के यूक्रेन के खिलाफ अवैध आक्रमण÷ के जवाब में मुक्त दुनिया के एकजुट होने की घोषणा की। सुनक ने यूक्रेन की राजधानी कीव की अपनी हालिया यात्रा का उल्लेख किया जब उन्होंने यूक्रेन को रक्षा सहायता के एक बड़े पैकेज की घोषणा की थी, जिससे ब्रिटेन का कुल समर्थन बढ़कर 12 अरब पाउंड हो गया।

सुनक ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट से एक बयान में कहा, ''जब पुतिन ने दो साल पहले अपना अवैध आक्रमण शुरू किया था, तब मुक्त दुनिया इसकी प्रतिक्रिया में एकजुट थी। हम यूक्रेन के पीछे एकसाथ खड़े थे। और इस युद्ध के दो वर्ष पूरे होने पर अपने दृढ़ संकल्प को दोहराते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं कुछ सप्ताह पहले कीव में था और मैंने घायल यूक्रेनी सैनिकों से मुलाकात की। प्रत्येक की दर्दनाक कहानी यूक्रेन के साहस की याद दिलाती थी। यह उस कीमत की याद दिलाता है जो वे न केवल पूरी तरह से अनुचित आक्रमण के खिलाफ अपने देश की रक्षा के लिए चुका रहे हैं, बल्कि स्वतंत्रता, संप्रभुता और कानून के शासन के सिद्धांतों की रक्षा के लिए भी चुका रहे हैं।उन्होंने कहा, ''ब्रिटेन समर्थन में आगे बढ़ रहा है। मैंने पिछले महीने यूक्रेन को रक्षा सहायता के सबसे बड़े एकल पैकेज की घोषणा की, जिससे हमारा कुल समर्थन 12 अरब पाउंड हो गया और सुरक्षा सहयोग पर दस साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा, ''यह दिखाने का क्षण है कि अत्याचार कभी जीत नहीं पाएगा और एक बार फिर यह कहने का कि हम आज और कल यूक्रेन के साथ खड़े रहेंगे।


## दिल पर एक मुक्के ने ली नवलनी की जान, शातिर KGB की पुरानी तकनीक; जिसका पुतिन भी रहे हिस्सा

**आरोप है कि रूस के सबसे बड़े विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की दिल पर एक ही मुक्का मारकर जान ली गई। ऐसा दावा है कि यह रूस की खुफिया एजेंसी केजीबी द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक पुरानी तकनीक है।**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सबसे बड़े दुश्मन एलेक्सी नवलनी की जेल में मौत के एक हफ्ते बाद शव परिवार को सौंप दिया गया है। रूस में नवलनी के समर्थक काफी दिनों से सोशल मीडिया के जरिए शव की मांग कर रहे थे।नवलनी के घरवाले गुप्त अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे हैं, जैसा कि उन्हें सरकार द्वारा बताया जा रहा है। इस बीच मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि रूस के सबसे बड़े विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की दिल पर एक ही मुक्का मारकर जान ली गई। ऐसा दावा है कि यह रूस की खुफिया एजेंसी केजीबी द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक पुरानी तकनीक है। केजीबी दुनिया में जासूसी इतिहास में सबसे खूंखार एजेंसी है, जिसका कभी व्लादिमीर पुतिन भी हिस्सा रहे हैं।

व्लादिमीर पुतिन के सबसे बड़े आलोचक और रूस में सबसे बड़े विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की एक सप्ताह पहले आर्कटिक दंड कॉलोनी में मृत्यु हो गई थी। रूस की तरफ से ऐसा बताया जरूर गया लेकिन, लोगों का मानना है कि नवलनी की मौत 16 फरवरी से पहले ही हो गई थी। यह बात इसलिए राज रखी गई ताकि जेल से सारे सबूत मिटा दिए जाएं। नवलनी 30 साल से अधिक समय से जेल की सजा काट रहे थे।





**दिल पर मुक्का मारकर ले ली जान**

मानवाधिकार समूह गुलगु.नेट के संस्थापक व्लादिमीर ओसेकिन ने एक स्रोत का हवाला देते हुए टाइम्स ऑफ लंदन को बताया, नवलनी की हत्या दिल पर मुक्का मारकर ली गई होगी। यह केजीबी के विशेष बल डिवीजनों की एक पुरानी पद्धति है। ओसेकिन ने कहा, ÷उन्होंने ऐसा करने से पहले नवलनी को काफी प्रताड़ित किया होगा और उसे कमजोर करने की सारी कोशिशें की गई ताकि एक ही झटके में नवलनी को मार दिया जाए।÷ ऐसा दावा है कि इसके लिए पहले नवलनी को जीरो डिग्री से नीचे तापमान में घंटो रखा गया होगा, खाना नहीं दिया गया। शरीर इतना कमजोर हो गया होगा कि एक झटके से दिल का दौरा आ जाए।

**KGB की पुरानी तकनीक**

केजीबी सोवियत रूस के इतिहास में सबसे खतरनाक सुरक्षा एजेंसी रही। इसे आधिकारिक तौर पर 3 दिसंबर, 1991 को भंग कर दिया गया था। बाद में इसे नया नाम एसवीआर दिया गया जो बाद में संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) बन गई। केजीबी के बारे में कहा जाता है कि यह दुनिया की सबसे खूंखार और खतरनाक खुफिया एजेंसी थी। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान स्टालिन को अमेरिका समेत मित्र देशों की सेना की सभी हरकतें पता होती थी, यह सब केजीबी के मजबूत सुरक्षा तंत्र से मुमकिन था। ऐसा माना जाता था कि केजीबी के एजेंट दुनिया के हर कोने में किसी न किसी रूप में मौजूद हैं।

**पुतिन भी रहे केजीबी का हिस्सा**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी केजीबी का हिस्सा रहे हैं। ऐसा बताया जाता है कि उन्होंने 16 साल की उम्र में पहली बार केजीबी के ऑफिस जाकर एजेंसी जॉइन करने की पेशकश की थी। तब उन्हें बताया गया कि इसके लिए आपके पास डिग्री होनी चाहिए या सेना में कार्य अनुभव। पुतिन 1971 से 1985 तक केजीबी में सेवारत रहे।

**नवलनी के शरीर में चोट के गहरे निशान**

एक रिपोर्ट के अनुसार, व्लादिमीर पुतिन के सबसे मुखर आलोचक के शरीर पर ÷चोट के निशान÷ थे। सूत्रों का कहना है कि जेल में मरने वालों के शवों को आमतौर पर सीधे विदेशी चिकित्सा ब्यूरो में ले जाया जाता है, लेकिन उनके शरीर को किसी कारण से अस्पताल में ले जाया गया।

## मैं अपनी जुबान की पक्की हूं, साउथ कैरोलाइना में हार के बाद निक्की हेली ने जानिए क्यों कही ये बात

**वॉशिंगटन.** साउथ कैरोलाइना में हुए प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने निक्की हेली को हरा दिया है। हार के बाद अपने समर्थकों से बात करते हुए निक्की हेली ने कहा कि वे हार से निराश हैं, लेकिन इसके बावजूद वह राष्ट्रपति पद की रेस से नहीं हटेंगी। निक्की हेली ने कहा कि मैं अपनी जुबान की पक्की हूं और पीछे नहीं हटूंगी। निक्की हेली ने कहा कि अगले 10 दिनों तक 21 राज्यों में चुनाव होंगे। उन्हें भी अपनी पसंद चुनने का अधिकार है। यह कोई सोवियत संघ का चुनाव नहीं है, जिसमें सिर्फ एक उम्मीदवार होता है। ये मेरा कर्तव्य है कि मैं उन्हें चुनाव का मौका दूं।

**निक्की हेली ने समर्थकों के प्रति जताया आभार**

निक्की हेली ने कहा कि उनका मानना है कि डोनाल्ड ट्रंप, जो बाइडन से नहीं जीत पाएंगे। साउथ कैरोलाइना की हार पर भारतीय मूल की निक्की हेली ने माना कि हार का अंतर ज्यादा रहा, लेकिन इसके बावजूद उन्हें 40 फीसदी मत मिले। हेली ने कहा कि 40 फीसदी कोई छोटा आंकड़ा नहीं है। हेली, ट्रंप से चार राज्यों में हार चुकी हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि अभी कई और राज्यों में चुनाव होने हैं। हेली ने ट्रंप को जीत की बधाई भी दी और उन्हें समर्थन देने वाले मतदाताओं के प्रति आभार भी जताया। साउथ कैरोलाइना निक्की हेली का गृह राज्य है और वे यहां से गवर्नर भी रह चुकी हैं। गृह राज्य में हार पर हेली ने कहा कि नतीजे क्या रहे, ये मायने नहीं रखता। मैं अपने राज्य के लोगों से प्यार करती हूं और हम इसी प्यार से बड़ी से बड़ी चुनौती में भी एकजुट रहते हैं।

## साउथ कैरोलाइना के प्राइमरी चुनाव में भी ट्रंप की जीत, राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी लगभग तय

**वॉशिंगटन.** डोनाल्ड ट्रंप ने साउथ कैरोलाइना प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज कर ली है। शनिवार को घोषित हुए नतीजों में डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय मूल की निक्की हैली को हराया।

गौरतलब है कि साउथ कैरोलाइना, निक्की हैली का गृह राज्य है और वे यहां से गवर्नर रह चुकी हैं। इस जीत के साथ ही डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की दावेदारी और मजबूत हो गई है। **2024 के राष्ट्रपति चुनाव में जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला लगभग तय**

डोनाल्ड ट्रंप साउथ कैरोलाइना से पहले आयोवा, न्यू हैंपशायर, नेवादा और यूएस वर्जिन आइलैंड के प्राइमरी चुनाव में भी जीत दर्ज कर चुके हैं। साउथ कैरोलाइना में हार के साथ ही निक्की हैली पर दबाव बढ़ गया है कि वे राष्ट्रपति पद की दावेदारी छोड़ दें, लेकिन हैली अभी भी डटी हुई हैं और लगातार हार के बावजूद अपनी उम्मीदवारी को लेकर आशावान बनी हुई हैं। वहीं साउथ कैरोलाइना में जीत के साथ ही साल 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर जो बाइडन का सामना डोनाल्ड ट्रंप से ही होने का रास्ता साफ हो गया है।

**निक्की हैली का पीछे हटने से इनकार**

साउथ कैरोलाइना प्राइमरी चुनाव में जीत के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने कभी भी रिपब्लिकन पार्टी को कभी भी इतना एकजुट नहीं देखा है।

ट्रंप ने समर्थकों से कहा कि आप 15 मिनट तक इस जीत का जश्न मना सकते हैं, लेकिन उसके बाद हमें फिर से काम में जुटना होगा।

## अमेरिका और ब्रिटेन ने हूती विद्रोहियों को बनाया निशाना, यमन में 18 ठिकानों पर किए हमले

**इंटरनेशनल डेस्क.** अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर शनिवार को हमले किए। ईरान समर्थित स्थानीय लड़ाकों के लाल सागर और अदन की खाड़ी में पोतों पर हाल में बढ़ते हमलों के जवाब में ये हमले किए गए हैं। हूती विद्रोहियों ने पिछले सप्ताह एक मिसाइल हमला किया था जिसके कारण एक मालवाहक पोत में आग लग गई थी।



**आठ स्थानों पर हमले किए**

अमेरिकी अधिकारियों ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि अमेरिका और ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों ने मिसाइल, लॉन्चर, रॉकेट, ड्रोन और हवाई रक्षा प्रणालियों को निशाना बनाते हुए आठ स्थानों पर हमले किए। यह चौथी बार है जब अमेरिका और ब्रिटेन की सेनाओं ने 12 जनवरी के बाद से हूती विद्रोहियों के खिलाफ एक संयुक्त अभियान चलाया है। अमेरिका इसके अलावा भी हूती विद्रोहियों पर लगभग रोजाना हमले कर रहा हैं।

अधिकारियों ने बताया कि 'यूएस एफ/ए-18 लड़ाकू विमानों को यूएसएस ड्वाइट डी. आइजनहॉवर विमानवाहक पोत से प्रक्षेपित किया गया। यह पोत इस समय लाल सागर में है।

**हमले बंद नहीं किए तो, परिणाम भुगतने होंगे**

अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा, ''अमेरिका दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण जलमार्गों में शामिल लाल सागर में जीवन और वाणिज्य के मुक्त प्रवाह की रक्षा के लिए आवश्यकतानुसार कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगा। हम हूती विद्रोहियों को यह स्पष्ट करते रहेंगे कि यदि उन्होंने अपने अनुचित हमले बंद नहीं किए तो उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे।

## पूर्व पीएम का दावा- 2008-09 में शांति का एतिहासिक अवसर था, लेकिन हमास के कारण सब बर्बाद हो गया

**तेल अवीव.** इस्राइल के पूर्व प्रधानमंत्री एहुद ओलमर्ट ने इस्राइल और हमास के बीच जारी युद्ध के बीच एक दावा किया है। पूर्व पीएम का कहना है कि 2008 के गाजा युद्धविराम के बाद इजरायल और फलस्तीन ने शांति का एक ऐतिहासिक अवसर गंवा दिया था। उन्होंने शांति स्थापति करने में मिली असफलता का कारण हमास के हमलों को बताया। गौरतलब है कि इस्राइल और हमास के बीच सात अक्तूबर से युद्ध जारी है, जब हमास ने इस्राइल पांच हजार से अधिक मिसाइलें दागीं थीं। र्स्टपोस्ट डिफेंस समिट- 2024 में शामिल हुए पूर्व पीएम ने कहा कि हमास के अनचाहे हमले के कारण हमने शांति का मौका गंवा दिया था। 2005 में मैं जब इस्राइल का उप प्रधानमंत्री बना तो गाजा अलग था। हमने गाजा में एक सेंटीमीटर भी कब्जा नहीं किया। हम गाजा से बाहर निकल आए। लेकिन हमास ने हमारे निकलते ही इस्राइली टाउनशिपों पर रॉकेट दागने शुरू कर दिए, जो अब भी जारी है। इसी वजह से इस्राइल को जवाबी कार्रवाई करना पड़ा।ओलमर्ट ने आगे कहा कि 2008 और 2009 का समय था, जब इस्राइल और फलस्तीनियों के बीच संघर्ष खत्म हो सकता था। उस वक्त मैं प्रधानमंत्री था। मैंने शांति योजना के लिए फलस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास को दो राज्य समाधान का प्रस्ताव दिया था।

## राष्ट्रपति जो बाइडन की याददाश्त को लेकर फिर उठे गंभीर सवाल, शी जिनपिंग को बताया रूस का राष्ट्रपति

**जो बाइडन ने व्हाइट हाउस में नेशनल गवर्नर्स एसोसिएशन के वार्षिक कार्यक्रम के दौरान जिनपिंग को रूस का राष्ट्रपति बता दिया। हालांकि तुरंत ही उन्होंने खुद को सही किया और जिनपिंग को चीन का राष्ट्रपति बताया।**

**वॉशिंगटन.** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को उनकी कमजोर याददाश्त और बढ़ती उम्र के चलते कई बार आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा है। अब एक बार फिर जो बाइडन गलती कर गए हैं। दरअसल एक कार्यक्रम में बोलते हुए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को जो बाइडन ने रूस का राष्ट्रपति बता दिया।



उनके साथ करीब 17 हजार मील की यात्रा की। तिब्बत में उन्होंने (जिनपिंग) ने मुझसे पूछा कि क्या आप अमेरिका की मेरे लिए व्याख्या कर सकते हैं? इस पर मैंने उनकी तरफ देखा और कहा संभावनाएं...।

**जो बाइडन की कमजोर याददाश्त को लेकर उठ रहे सवाल**

जो बाइडन पहले भी जिनपिंग के साथ 17 हजार मील लंबी यात्रा की बात कह चुके हैं। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स में बाइडन के इन दावों को खारिज किया जा चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि बाइडन ने साल 2011 में चीन का दौरा किया था और वहां तीन दिनों तक रुके थे, लेकिन बाइडन के दावे को व्हाइट हाउस ने भी नकार दिया है। हाल के समय में जो बाइडन की कमजोर होती याददाश्त और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं की खूब चर्चा हुई है। बाइडन ने बीते दिनों मिस्त्र को मैक्सिको बता दिया था। साथ ही फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां को फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति रहे फ्रैंकोइस मितरांद बता दिया था। यूक्रेन युद्ध का जिक्र करते हुए जो बाइडन एक बार यूक्रेन युद्ध को इराक युद्ध कह गए थे।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## हारलेम के एक अपार्टमेंट में लगी भीषण आग, खुद को बचाने को खिड़की से कूदे लोग; 27 साल के भारतीय की भी मौत



**साल 2023 में लिथियम-आयन बैटरी के कारण शहर में 267 आग, 150 घायल और 18 मौतें हुईं। वहीं इस साल सोमवार तक लिथियम-आयन बैटरी के कारण आग लगने के 24 मामले आ चुके हैं।**

**न्यूयॉर्क.** न्यूयॉर्क से एक बड़ी दुखद जानकारी सामने आई है। हारलेम में स्थित एक अपार्टमेंट में भीषण आग लगने से 27 साल के एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। बता दें, मृतक की पहचान फाजिल खान के रूप में हुई है। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय दूतावास लगातार खान के दोस्तों और परिवार के संपर्क में है।

**हर संभव सहायता कर रहे**

न्यूयॉर्क स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर कहा, न्यूयॉर्क के हारलेम में आग लगने की घटना में 27 वर्षीय फाजिल खान की मौत के बारे में जानकर दुख हुआ। हम लगातार खान के परिवार और दोस्तों के संपर्क में है। साथ ही, उनके पार्थिव शरीर को भारत वापस लाने के लिए हर संभव सहायता कर रहे हैं।

न्यूयॉर्क के अग्निशमन विभाग के अनुसार, सेंट निकोलस प्लेस अपार्टमेंट बिल्डिंग में लिथियम-आयन बैटरी की वजह से शुक्रवार को भीषण आग लग गई। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, घटना में 17 अन्य घायल हुए हैं। आग से बचने के लिए लोगों ने रस्सी का सहारा लिया।

**आंखों देखी घटना**

एंजी रैचफोर्ड नामक शख्स ने बताया, आग सबसे ऊपर लगी थी। पुलिस लोगों के साथ नीचे आ रही थी। लोग खुद को बचाने के लिए खिड़की से बाहर कूद रहे थे।अपने पिता के साथ आग से बचने वाले एक निवासी अकील जोन्स ने कहा, मेरे पास क्या है कुछ नहीं। बस मेरा फोन, मेरी चाबियां और मेरे पिता।

**कूदने को मजबूर होना पड़ा**

सेंट निकोलस प्लेस अपार्टमेंट बिल्डिंग के निवासियों को अपनी जान बचाने के लिए कूदने के लिए मजबूर होना पड़ा।

अग्निशमन अधिकारियों के अनुसार, 18 लोगों को बचाया गया। 12 लोगों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया और चार पीड़ितों की हालत गंभीर बनी हुई है। विभाग के प्रमुख जॉन होजेंस ने कहा कि आग इतनी भीषण थी कि आग की लपटें कमरे के दरवाजे से बाहर आ रही थीं और सीढ़ी को अवरुद्ध कर रही थीं।

**अबतक हुईं इतनी घटनाएं**

विभाग के अनुसार, साल 2023 में लिथियम-आयन बैटरी के कारण शहर में 267 आग, 150 घायल और 18 मौतें हुईं। वहीं इस साल सोमवार तक लिथियम-आयन बैटरी के कारण आग लगने के 24 मामले आ चुके हैं। बताया जा रहा है कि घटना के बाद इमारत को पूरा खाली कराने का आदेश दिया गया है। रेडक्रॉस पास के एक स्कूल में अस्थायी आवास के साथ दर्जनों लोगों की सहायता कर रहा है।